Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 232 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 08 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



तृष्णा, वासना के द्वारा डसा हुआ जीवन भव-भव में विषाक्तमय होता है।

Life stung by desire and lust become venomous per several body-forms to come.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण की तिथि 31 मार्च तक बढ़ाई गई

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 5 वर्ष अधिक हो गई है। उन्हें नवीनीकृत पंजीयन के लिए 31 मार्च तक का समय दिया गया है। ऐसे श्रमिक पुनः अपने पंजीयन का नवीनीकरण करा सकते हैं। 31 मार्च 2024 के बाद पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराने वाले श्रमिकों को अपंजीकृत माना जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### सीएम विष्णुदेव साय करेंगे हस्तशिल्प एवं हथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा जगार 2024 का 10 मार्च शाम 7 बजे शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले इस हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव करेंगे। जगार 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य के सुप्रसिद्ध हस्तशिल्प बेलमेटल शिल्प (ढोकरा), लौह शिल्प, काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प, कालीन शिल्प, शिशल शिल्प, गोदना शिल्प, तुमा शिल्प, टेराकोटा शिल्प, छींद-कांसा शिल्प की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# धारा 370 हटने के बाद पहली बार श्रीनगर पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी, बोले- यह नया कश्मीर है

### प्रधानमंत्री ने 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया, 1000 युवाओं को दिए जॉब लेटर



**श्रीनगर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुरुवार को एक दिवसीय कश्मीर दौरे पर श्रीनगर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। क्रूमोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- धरती के स्वर्ग पर आने का अहसास शब्दों से परे है। यह वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। यह वो जम्मू-कश्मीर है जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने कहा, जम्मू कश्मीर में पहले की सरकारों के समय में भ्रष्टाचार और परिवारवाद का बोलबाला रहा। प्रदेश परिवारवाद का सबसे प्रमुख निशाना रहा। परिवारवादी लोग मोदी पर व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। देश के हर कोने में लोग कह रहे हैं- मैं हूं मोदी का परिवार। कश्मीर के लोग भी कह रहे- मैं हूं मोदी का परिवार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौंसला है।' इससे पहले केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुल्लू, पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा किसान की अनोखी मांग की पूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे तो पूरी घाटी उनके स्वागत के लिए पहले से तैयार थी। पीएम मोदी ने यहां श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत कार्यक्रम के लाभार्थियों से बातचीत भी की। इस बातचीत के दौरान कुछ ऐसा हुआ जिसने सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर लिया। यहां पीएम मोदी अपने भाषण से पहले युवा उद्यमियों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक मधुमक्खी पालक किसान नाजिम नजीर ने पीएम से उनके साथ सेल्फी लेने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद क्या था पीएम मोदी ने भी उसकी इस डिमांड को सुना और मुस्कुराकर इसके लिए हामी भर दी।

# राहुल गांधी ने बांसवाड़ा में 'युवा न्याय' का ऐलान करते हुए किए 5 वादे



**बांसवाड़ा (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव चल दिया है। युवा वोटर्स को साधने के लिए उन्होंने मंच से कई बड़े वादे किए हैं। राहुल गांधी ने कहा है कि यदि देश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो 30 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके आलावा उन्होंने कॉलेज खत्म होने के बाद एक लाख रुपए वाली अप्रेंटिसशिप देने की भी घोषणा की है। उन्होंने युवा न्याय का ऐलान करते हुए पांच वादे किए हैं।

मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा में एक जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, हिन्दुस्तान में 30 लाख सरकारी रिक्तियां हैं। मोदी जी इनको भरवाते नहीं हैं। बीजेपी इनको भरती नहीं है। सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा कि 90 पर्सेंट को 30 लाख नौकरियां हम देंगे।

राहुल गांधी ने दूसरे वादे के तहत कहा कि देश में हर ग्रैजुएट को एक लाख रुपए वाला एक अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने हर युवा को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम मनरेगा लाए थे जिससे लाखों लोगों को फायदा हुआ, हमने रोजगार का अधिकार दिया था। वैसे ही हम भारत के सभी युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रहे हैं। ये हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर को मिलेगा। कॉलेज के तुरंत बाद हर युवा को 1 साल के लिए अप्रेंटिसशिप देगा और उसे 1 लाख रुपए दिए जाएंगे और ये अधिकार होगा।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू की गई : विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी बधाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनका सशक्तिकरण करने और लैंगिक समानता के उद्देश्य को लेकर पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है, इसके लिए गरीब, युवा, अन्नदाता के साथ महिलाओं के समावेशी विकास का रोड मैप तैयार किया गया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत पहली किश्त जल्द ही महिलाओं के खातों में अंतरित की जाएगी। साथ ही प्रदेश के विकास में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला समूहों को रेडी-टू-ईट निर्माण का जिम्मा फिर सौंपने का निर्णय लिया गया है। इससे बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इसके लिए इस वर्ष 2024-25 में महिला एवं बाल विकास के बजट को लगभग दोगुना से अधिक कर दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा ग्यारह हजार से अधिक पंचायतों में महिला सदन खोलने, नवीन महिला थाना स्थापना के लिए 300 नवीन पदों का प्रावधान और महिलाओं के पोषण पर विशेष ध्यान रखने जैसे कई प्रावधान बजट में किए गए हैं। श्री साय ने कहा है कि महिलाओं के लिए विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर काम करती रहेगी। समाज और प्रत्येक व्यक्ति भी महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और उन्हें आगे बढ़ने का सुरक्षित और पूरा अवसर प्रदान करें।

# तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद राज्य शासन ने नियुक्त किया कार्यवाहक अध्यक्ष

**राज्य शासन ने नए अध्यक्षों के निर्वाचन हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 की पार्षद श्रीमती अमरीका कृष्ण कुमार साहू को तखतपुर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद श्री धनलाल देशलहरे को मारो नगर पंचायत का और मुंगेली जिले के सरगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद श्री परमानंद साहू को सरगांव नगर पंचायत का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने तीनों नगरीय निकायों में वर्तमान अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष के रिक्त पदों की जानकारी देते हुए नए अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।







# सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनी सब के कलाकार करुणा पांडे, अंजलि तत्रारी, मीरा देवस्थले, श्रुति आनंद सहित अन्य कलाकारों ने महिला दिवस पर महिलाओं को खुद को प्राथमिकता देने किया प्रोत्साहित

**इन कलाकारों ने एक प्रेरक वीडियो में महिलाओं से उनके सपनों और आकांक्षाओं को समान महत्व देने का आग्रह किया**

ऐसी दुनिया में जहां महिलाएं अक्सर अपनी ज़रूरतों से पहले दूसरों की ज़रूरतों को प्राथमिकता देती हैं, सोनी सब और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के कलाकार महिलाओं को उनकी ज़रूरतों और इच्छाओं को समान रूप से प्राथमिकता देने की याद दिलाने के लिए हाथ मिला रहे हैं। एक विचारोत्तेजक वीडियो में, चैनल्स के प्रमुख फिक्शन और रियलिटी शो के कलाकार जैसे सुम्बुल तौकीर (काव्या एक जज़्बा एक जुनून से काव्या), करुणा पांडे (पुष्पा इम्पॉसिबल से पुष्पा), अंजलि तत्रारी (वंशज से युविका), परिवा प्रणति (वागले की दुनिया से वंदना), मीरा देवस्थले (कुछ रीत जगत की ऐसी भी की नंदिनी), श्रुति आनंद (मेहंदी वाला घर से मौली) सहित अन्य कलाकार इस मुद्दे का समर्थन करते हुए, और बिना किसी अपराधबोध के, महिलाओं को अपने दिल की बात सुनने और खुद को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए देखे गए।

खुद की सुनो, खुद को चुनो शीर्षक वाले इस वीडियो के ज़रिये, चैनल के सबसे प्रसिद्ध शो के इन प्रिय किरदारों का उद्देश्य सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करना, और महिलाओं को खुद से प्यार करने और खुद को प्राथमिकता देने पर समान रूप से ज़ोर देते हुए खुद को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



टिप्पणियां- सोनी सब में वंशज में युविका की भूमिका निभा रहीं, अंजलि तत्रारी : मैं खुद की सुनो खुद को चुनो फिल्म का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह दमदार तरीके से याद दिलाती है कि हर जगह महिलाएं अपना रास्ता चुनने और बिना किसी अपराधबोध के अपनी खुशी और लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की स्वतंत्रता की हकदार हैं। वंशज में, पुरुष-प्रधान दुनिया में एक मजबूत और दृढ़निश्चयी व्यवसायी महिला के रूप में, मेरे किरदार युविका का सफर इस संदेश को गहराई से दर्शाता है। इस महिला दिवस पर, आइए हर महिला को परिभाषित करने वाली उस असाधारण ताकत का जश्न मनाएं, जो हम सभी को सितारों तक पहुंचने और अपने सपनों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करती है।

सोन सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभाने वाली, करुणा पांडे : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल कैलेंडर पर एक तारीख नहीं है; यह दुनिया भर की महिलाओं की ताकत और अनंत संभावनाओं का उत्सव है। पुष्पा के रूप में, मैं सोनी की दुनिया भर में महिलाओं के साथ खड़े होने की पहल का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जहां हम बाधाओं को दूर करते हैं, मानदंडों को चुनौती देते हैं, और एक उज्जवल, अधिक समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आज, आइए महिलाओं की अतीत, वर्तमान और भविष्य की असाधारण उपलब्धियों का सम्मान करते हुए, एक साथ, बिना रुके और बिना विचलित हुए आगे बढ़ना जारी रखेंगे।

मीरा देओस्थले, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर कुछ रीत जगत की ऐसी है में नंदिनी की भूमिका निभाती हैं : महिलाओं को पारिवारिक ढांचे के भीतर अपनी खुशी को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने, अपनी आकांक्षाओं को पोषित करने और उनकी जरूरतों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। दहेज के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने वाली नंदिनी की भूमिका ने मुझे केवल उसी चीज को महत्व देना सिखाया है जो वास्तव में खुशी लाती है, जिससे यह सबसे महत्वपूर्ण सबक बन गया है जो मैंने सीखा है। इस महिला दिवस पर, आइए खुद की सुनो, खुद को चुनो अभियान के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति का जश्न मनाने के लिए एकजुट हों, महिलाओं को उनकी विशिष्टता को अपनाने और उनके रास्ते पर चलने के लिए सशक्त बनाएं।

श्रुति आनंद, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर मेहंदी वाला घर में मौली की भूमिका निभाती हैं : महिलाएं अपनी आकांक्षाओं और इच्छाओं की वकालत करते हुए परिवार के भीतर खुशी का एक टुकड़ा पाने की हकदार हैं। मेरा किरदार, मौली, लगातार अपने परिवार की खुशियों को प्राथमिकता देती है और उनके बीच एकता और लचीलेपन को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। लेकिन जब वह निस्वार्थ है, तो वह अपना आत्मविश्वास भी बढ़ा रही है और अपनी असफल शादी से ऊपर उठ रही है। इस महिला दिवस पर, मैं खुद की सुनो, खुद को चुनो अभियान के साथ उनकी कभी न हार मानने वाली भावना को याद करना चाहता हूं, जिसमें उन्होंने हमारे आख्यानों के वास्तुकार बनने की धारणा को अपनाया है।

# खाद्य मंत्री बघेल ने मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। डॉक्टरों को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों का बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रात में भी गंभीर मरीज आते है तो तत्काल उनका ईलाज करें। मरीजो को ईलाज में किसी भी प्रकार की समस्या नही आनी चाहिए। उनके लिए पर्याप्त मात्रा में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

खाद्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान इलाज कराने आए मरीज़ों से बातचीत करके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही मरीजों के लिए ज़रूरी सुविधाएं एवं संसाधनों की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र की साफ़-सफ़ाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। खाद्य मंत्री ने मरीजों के वार्ड, दवाई वितरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। मरीजों के लिए दी जाने वाली भोजन एवं नाश्ता आदि के गुणवत्ता की संबंध में जानकारी ली और मरीजों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
### अधीक्षक अभियंता कार्यालय, लोक कर्म. विभाग (मुख्यालय)

## निविदा निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/63/लो.क.वि./न.पा.नि./2024 — रायपुर, दिनांक 07/03/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु श्रम आयुक्त कार्यालय, ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा नियमानुसार निर्धारित पी.एफ. एवं ई.एस.आई.सी. जोड़कर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति पर लिफाफा "अ" में अमानती राशि तथा "ब" में सीलबंद निविदाएं नियमानुसार पृथक-पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) कक्ष क्रमांक 404, नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - दिनांक 19.03.2024 सायं 5:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 26.03.2024 सायं 4:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 26.03.2024 सायं 4:00 बजे तक।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) हेतु 01 कम्प्यूटर ऑपरेटर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर (परिवर्तनशील) पर उपलब्ध कराने का कार्य। | B | 224820.00 | 2300.00 | 750.00 | श्रम विभाग से पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 14 माह |

**नियम एवं शर्तें :- (भाग 1)**

01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रियकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/ एवं समस्त दस्तावेज, **दुसरे लिफाफ** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनो लिफाफा को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) कक्ष क्रमांक- 404, नगर पालिक निगम रायपुर में प्रस्तुत करना होगा।
02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर का होगा। विस्तृत जानकारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) कक्ष क्रमांक- 404, नगर पालिक निगम रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।
03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। **04.** GST Registration, **05.** GST Return last 3 month, **06.** ITR last 3 years, **07.** Bank Solvency Certificate, **08.** Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्तें :- (भाग 2)**

1. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Registration तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3. निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगा। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**कार्यपालन अभियंता**
नगर पालिक निगम,
रायपुर



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./10008/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 07-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10008**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221B00262** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JAWAHAR GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANNULAL GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती बाबुल गुप्ता पति स्व. श्री हीरालाल गुप्ता** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. रोशनलाल गुप्ता 2. आशीष गुप्ता दोनों के पिता स्व. श्री हीरालाल गुप्ता** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के.डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## PUBLIC NOTICE
### U/S 72 of Indian Partnership Act,1932

Be it known to all that **Shri Jagroop Singh Cheema S/o Shri Shamsher Singh Cheema** and **Shri Manpreet Singh Cheema S/o Shri Jagoop Singh Cheema** has been retired as partner from the partnership firm **M/s Cheema Bricks & Traders , C/o Cheema** Local Carrier, Raipur Road, Shankar Nagar, Mahasamund (C.G.), bearing firm registration no. 33/2011-12 dated 27.04.2011 of 2011, with effect from. 01.04.2023.

**Raipur (C.G.)**
**Date : 13.02.2024**

**For, M/s CHEEMA BRICKS & TRADERS**
**(Jagvir Singh Chema)**
**Partner**



## PUBLIC NOTICE
### U/S 72 of Indian Partnership Act,1932

Be it known to all that Shri Saganpreet Singh Cheema S/o Shri Jaspal Singh Cheema has been admitted as partner in the partnership firm M/s CHEEMA LOCAL CARRIER AND CONSTRUCTION, Shankar Nagar, Raipur Road, Distt. Mahasamund (C.G.). bearing firm registration no. D-RAIPUR-426/2011-12 dated 26.11.2011 of 2011 with effect from. 01.04.2023. And Shri Jagroop Singh Cheema S/o Shri Shamsher Singh Cheema and Shri Gurmukh Singh Randhawa S/o Shri Gurcharan Singh Randhawa has been retired as partners from the partnership firm M/s CHEEMA LOCAL CARRIER AND CONSTRUCTION, Shankar Nagar, Raipur Road, Distt. Mahasamund (C.G.). bearing firm registration no. D-RAIPUR-426/2011-12 dated 26.11.2011 of 2011 with effect from. 01.04.2023.

**Raipur (C.G.)**
**Date: 13.02.2024**

**For, M/s CHEEMA LOCAL CARRIER & CONSTRUCTION**
**(Jagvir Singh Chema)**
**Partner**



## PUBLIC NOTICE
### U/S 72 of Indian Partnership Act,1932

Be it known to all that Shri Saganpreet Singh Cheema S/o Shri Jaspal Singh Cheema & Shri Arshpreet Singh Cheema S/o Shri Jagvir Singh Cheema has been admitted as partner in the partnership firm M/s Cheema Trading Company, C/o Cheema Local Carrier,Raipur Road, Shankar Nagar, Mahasamund (C.G.), bearing firm registration no. 222201968253 dated 11.10.2019 of 2019, with effect from. 01.04.2023. And Shri Jagroop Singh Cheema S/o Shri Shamsher Singh Cheema, Shri Gurmukh Singh Randhawa S/o Shri Gurcharan Singh Randhawa and Shri Manpreet Singh Cheema S/o Shri Jagroop Singh Cheema has been retired as partners from the partnership firm M/s Cheema Trading Company, C/o Cheema Local Carrier,Raipur Road, Shankar Nagar, Mahasamund (C.G.), bearing firm registration no. 222201968253 dated 11.10.2019 of 2019, with effect from. 01.04.2023.

**Raipur (C.G.)**
**Date: 13.02.2024**

**For, M/s CHEEMA TRADING COMPANY**
**(Jagvir Singh Chema)**
**Partner**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार **अटूड स्टील प्राइवेट लिमिटेड**, पता- C2-101, ब्लॉक C, पहला माला, VIP करिश्मा खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा **डायरेक्टर मुकेश वर्मा** उम्र 48 वर्ष **पिता शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा** 281 बलोदा बाजार रोड एन.एच. गोयल के समीप शिव चौक ग्राम नरदहा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), ने **श्री परसराम वर्मा** उम्र 71 वर्ष **पिता नाथूराम वर्मा** ग्राम नरदहा आरंग राजस्व निगम मंडल-मंदिर हसौद तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा मौजा ग्राम- नरदहा प हल्का नंबर **00001** राजस्व निगम मंडल-मंदिर हसौद तहसील आरंग, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि, खसरा नंबर- 406, रकबा- 0.19 हेक्टेयर (ऋण पुस्तिका क्रमांक 256435) विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय करने हेतु बयाना राशि अदा कर सौदा कर लिया है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, बैंक, सोसायटी, शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग को कोई आपत्ति हो अथवा पूर्व में कोई अनुबंध पत्र निष्पादित हो तो वह इस प्रकाशन के पंद्रह (15) दिवस के अंदर मेरे निम्न पते पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त डुप्लेक्स का विक्रय पत्र अपने हक में पंजीकृत करवाने हेतु स्वतंत्र होगा व उक्त समयावधि के पश्चात कोई दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अधिवक्ता राजेंद्र पटेल,**
**केनरा बैंक भवन, कांग्रेस भवन के सामने, गाँधी मैदान, रायपुर (मोबाइल 99261-28407)**



## PUBLIC NOTICE
### U/S 72 of Indian Partnership Act,1932

Be it known to all that **Smt Paramjeet Kaur Cheema W/o Shri Jagroop Singh Cheema** has been retired as partner from the partnership firm **M/S MALWA TRADERS**, at **C/O Cheema** Complex, Raipur Road, Shankar Nagar Mahasamund, C.G. bearing firm registration no. D-RAIPUR/315/2012-13 YEAR 2012 dated 25.09.2012 with effect from. 05.04.2023. And **Saganpreet Singh Cheema S/o Shri Jaspal Singh Cheema** has been admitted as partners from the partnership firm **M/S MALWA TRADERS,** at C/O Cheema Complex, Raipur Road, Shankar Nagar Mahasamund, C.G. bearing firm registration no. D-RAIPUR/315/2012-13 YEAR 2012 dated 25.09.2012 with effect from. 05.04.2023.

**Mahasamund (C.G.)**
**Date : 13.02.2024**

**For, M/S MALWA TRADERS**
**( Jagvir Singh Cheema)**
**Partner**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 764 दिनांक 06.03.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 36 मांग **पंजी क्र. 215 युआईडी 29663** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **वासु मोहरे/ रामदास मोहरे** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **कलीराम निषाद/ बल्लू निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 765 दिनांक 06.03.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 36 मांग **पंजी क्र. 215 युआईडी 29663** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कलीराम निषाद/ बल्लू निषाद** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **पोसन निषाद/ बल्लू निषाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 766 दिनांक 06.03.2024**
**वार्ड का नाम- मां बंजारी धाम वार्ड**
**वार्ड क्र. 10 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 10 मांग **पंजी क्र. 25 युआईडी 14313** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रामनारायण वर्मा/ रामाधार वर्मा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मालिक टंडन/ स्व. डोमार टंडन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 767 दिनांक 06.03.2024**
**वार्ड का नाम- मेटल पार्क वार्ड**
**वार्ड क्र. 9 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 9 मांग **पंजी क्र. 701 युआईडी 32299** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **विक्की साहू/ रोहित साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रवि वर्मा/ हेमलाल वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **05-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नं.-0771-4059185
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

### // आम-सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- **HIG-1/363,** को (1) **श्री बबनराव जी. क्षीरसागर पिता स्व. श्री गोविन्द राव क्षीरसागर (2) श्रीमति शैलजा चंद्राकर पति श्री लक्ष्मण चंद्राकर (3) श्री सुभांक चद्राकर पिता श्री लक्ष्मण चंद्राकर,** पति- मकान नं.-309, वार्ड नं.-26, संतराबाड़ी दुर्ग (छ.ग.) के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर दिया गया है। रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। **श्री बबनराव जी. क्षीरसागर पिता स्व. श्री गोविन्द राव क्षीरसागर** की मृत्यु दिनांक 02.10.2021 को हो गयी है। **श्रीमति शैलजा चंद्राकर पति श्री लक्ष्मण चंद्राकर एवं श्री सुभांक चंद्राकर पिता श्री लक्ष्मण चंद्राकर,** ने **श्री बबनराव जी. क्षीरसागर पिता स्व. श्री गोविन्द राव क्षीरसागर** की मृत्यु होने के उपरांत उक्त स्वतंत्र भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। **श्रीमति शैलजा चंद्राकर एवं श्री सुभांक चंद्राकर,** द्वारा उक्त स्वतंत्र भवन को किसी भी वित्तीय संस्था एवं बैंक में गिरवी नहीं होने का लेख किया गया है।

उक्त स्वतंत्र भवन को **श्रीमति शैलजा चंद्राकर पति श्री लक्ष्मण चंद्राकर एवं श्री सुभांक चंद्राकर पिता श्री लक्ष्मण चंद्राकर,** के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर रायपुर** में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-49/579 भूतल** में **श्री रमेश कुमार यादव पिता श्री गंगा प्रसाद यादव** को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **28.08.2014** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है।

आबंटी के द्वारा उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **19.02.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायापति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती सुशीला चन्द्रा पति श्री यज्ञ नारायण चन्द्रा** के नाम से विक्रय करने के लिए **विक्रय अनुमति** की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इंत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के **विक्रय** के संबंधी में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **जनता कॉलोनी तिलक नगर गुढ़ियारी रायपुर** में निर्मित भवन में से **एल.आई.जी.-131 श्रीमती पी. कुसुमा कुमारी पति स्व. श्री पी.ए. मुर्ती** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **15.09.1997** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **22.02.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायापति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्री शत्रुहन प्रसाद साहू पिता श्री रथराम साहू** को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांगी है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इंत्यादि को उक्त भवन के **विक्रय** के संबंधी में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा **शंकर नगर सरहद रायपुर** में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-83, ब्लॉक-06, भू-तल, श्री मोहम्मद रजा पिता स्व. श्री मोहम्मद इब्राहिम** के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-50 दिनांक 06.04.2011 को नामांतरित है। वर्तमान में नामांतरी **श्री मोहम्मद रजा पिता स्व. श्री मोहम्मद इब्राहिम,** निवासी- भावना नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./9669/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 9669**
**वार्ड का नाम-16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L0489V** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MESSORS ADHAR SHILA DEVIOPERS INDIA PVT IMT VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KALPANA CHHABARA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAYPAL SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**नेतराम चन्द्राकर**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./9660/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 05-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 9660**
**वार्ड का नाम-16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L0489X** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MESSORS ADHAR SHILA DEVIOPERS INDIA PVT IMT VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAMITA KHANNA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **OMPRAKASH MARWAH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**नेतराम चन्द्राकर**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (1)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10021/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 07-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10021**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00417** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GYAN SINGH KHAIRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DARSHAN SINGH KHAIRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PAVANDEEP KAUR DHILLON** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KULDEEP SINGH DILLON** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10022/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 07-03-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 10022**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00495** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NILAM SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S.S. RATHORE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JINESH JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAKASH CHAND JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# संगीता और स्नेहलता के लिए बचत व बच्चों के शिक्षा का आधार बनेगा महतारी वंदन योजना

## महतारी वंदन योजना से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर,अपनी जरूरतों के लिए अब नहीं रहेंगी दूसरों के भरोसे



**कोरबा(विश्व परिवार)।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित होने जा रही है। इस योजना का लाभ मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत व आत्मनिर्भर बनेंगी। वह खुद की और अपने परिवार की छोटी-मोटी जरुरतों के लिए अब दूसरों के भरोसे नहीं रहेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक महिलाओं को उनके खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए और साल भर में 12 हजार रूपए डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से मिलेंगे। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम अमझर निवासी संगीता यादव (31 वर्ष) का नाम भी महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची में दर्ज है। इस योजना को लेकर उत्साहित संगीता यादव ने कहा कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण में सहयोग करती है, उसके पति राजेंद्र यादव मिस्त्री का काम करते हैं। महतारी वंदन योजना से हर महीने एक-एक हजार रुपए मिलने से उनको बड़ी राहत मिलेगी। अभी उसकी आमदनी इतनी नहीं है कि वह कुछ पैसे की बचत कर सके लेकिन महतारी वंदन से मिलने वाली राशि को वह अब बचत के रूप में बैंक में जमा करेगी ताकि भविष्य में उसके परिवार के लिए काम आ सके। संगीता यादव ने महतारी वंदन योजना के लिए सरकार के प्रति आभार जताया। इसी तरह पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ही ग्राम तेलियामार पसान में रहने वाली श्रीमती स्नेहलता तिग्गा (38 वर्ष) ने कहा कि उसके पति रोहित तिग्गा मजदूरी करते हैं, बच्चे पढ़ाई कर रहें हैं इसलिए घर चलाने के लिए पति-पत्नी दोनों मजदूरी करते हैं। स्नेह लता ने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि को वह अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करेगी। उसने कहा कि महतारी वंदन योजना काफी अच्छी योजना है, इससे उसे और उसके जैसे अन्य दूसरी महिलाओं को भी आर्थिक मदद मिल सकेगी।

## शहर में प्रवेश करने वाले 24 वाहनों पर लगाया 7100 का पेनाल्टी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** काफी समय से चल रही अंधेरगर्दी पर लगाम कसने के लिए पुलिस अब एक्शन मोड पर है। रात में पुलिस ने अभियान चलाने के साथ 24 वाहनों पर 7100 रुपये की पेनाल्टी लगाई। इन वाहन चालकों द्वारा बाइपास का उपयोग करने के बजाय शहर के भीतर से निकल रहे थे। थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी एकत्र की, तो पता चला कि रात में भारी वाहनों की आवाजाही शहर के भीतर से होती है और इस वजह से न केवल नियम टूटते हैं बल्कि हादसों का खतरा भी बना होता है। स्टाफ के साथ टीआइ ने चकचकवा क्षेत्र व नगर के मुख्य चैराहे पर वीर नारायण चैक में कई घंटे कैंप किया। इस दौरान नियम विरूद्ध इस रास्ते से आवाजाही करने वाले भारी वाहनों को रोक कर पेनाल्टी की गई। साथ ही कहा गया कि जिस प्रकार के नियम हैं उसके अंतर्गत कार्रवाई का दौर जारी रहेगा। निरीक्षक ने एक सप्ताह तक इस प्रकार का काम करने की बात कही। साथ ही कहा कि जब तक वाहन चालकों के रवैये में सुधार नहीं होता है, तो पुलिस सख्ती करेगी।

# दहेज प्रताडना: सीएसईबी के पूर्व अधिकारी उसकी पत्नी व पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दहेज की विकृति के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में सीएसईबी के पूर्व अधिकारी, उसकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है। उन पर विवाहिता को दहेज के नाम से परेशान करने और मारपीट करने सहित घर से निर्वासित करने का आरोप है। घटना के बाद से पीडिता अपने मायके में रहने को मजबूर है। इस मामले में आरोपी पति नीरज कपिलेश व्यवसाई है। जबकि उसके पिता रमेश कपिलेश छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन कंपनी के हसदेव पॉवर प्लांट में एसई के पद पर पदस्थ थे, जो कुछ दिन पहले ही रिटायर हुए हैं। वहीं उनकी पत्नी रोमी कपिलेश गृहिणी हैं। नीरज कपिलेश गायत्री मंदिर सीएसईबी चैक के पास सत्या इंटरप्राइजेस के नाम से कंप्यूटर स्टेशनरी का व्यवसाय करता है।पीडिता के मुताबिक वह एम कॉम तक पढ़ी हुई है। उसका रिश्ता एचटीपीपी कॉलोनी दर्री के क्वार्टर नंबर डी-1 निवासी रमेश कपिलेश के पुत्र नीरज कपिलेश के साथ तय हुआ। 7 दिसंबर 2022 को उनकी शादी हुई। कुछ दिन पहले ही पीडिता के पिता की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उनका रिश्ता कुछ परिचितों की मध्यस्थता के साथ हुआ था। पिता के निधन के बाद मां, चाचा व भाई ने शादी में कहीं कोई कमी नहीं की। नगद राशि, जेवर, महंगे कपड़े, फर्नीचर दहेज में दिया गया। यहां तक कि शादी और विवाह भोज का खर्च भी उन्होंने ही किया। शादी के बाद ससुराल वाले उसे बार-बार और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। शादी के बाद भी और दहेज मुझे मेरे मायके से दिया गया। तब तक परिजन यह मान रहे थे कि कुछ दिनों में सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन ससुराल वालों की दहेज मांग का सिलसिला नहीं रुका। जिस पर एक बार डेढ़ लाख रुपए का सोने का कड़ा भी मेरे मायके वालों ने दिया। किंतु फिर भी उन्होंने और रुपए व कार की मांग की। न देने पर मुझ से मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। पीडिता ने पुलिस को इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण भी पुलिस को दिए हैं। यह रिपोर्ट पीडिता ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। जिस पर आरोपियों के खिलाफदहेज प्रताडना का अपराध दर्ज किया है।

## महापौर राजकिशोर प्रसाद ने किया निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 16 ढोढीपारा में अप्पू गार्डन ढोढीपारा के उपस्वास्थ्य केन्द्र से होते हुए केनाल तक बनने वाले नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने वहॉ के नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्री प्रसाद ने सड़क, नाली व साफसफाई जैसी मौलिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराने व इनसे संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने नाला निर्माण में नाले के ऊपरी भाग की कवरिंग की ऊंचाई अधिक होने के कारण लोगों को आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, इनकी शिकायत पर महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को स्लेब ऊंचाई मेनटेन करने निर्देशित किया, जिससे लोगों के आवागमन में सुविधा हो सके तथा नाला निर्माण में प्रापर स्लोप तथा क्यूरिंग प्रापर ढंग से करने निर्देशित किया। कार्य की गुणवत्ता तथा समय सीमा पर कार्य पूर्ण हो सके, इसका ध्यान देने अधिकारियों से कहा। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद मनकराम साहू, शालु पनरिया, गौतम राठौर, मुकेश साहू, फगूराम साहू, मोहनलाल देवांगन, आलोक देवांगन आदि के साथ काफी संख्या वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।

## शराब पीकर व ओवर स्पीड चलाने वाले 106 का लाइसेंस निलंबित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट एवं धारा 304 ए के तहत 106 लोगों के विरूद्ध पुलिस ने लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की है। इसके तहत पहले तीन माह तक लाइसेंस निलंबित रहेगा, उसके बाद दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना- चैकी के मुख्य मार्ग, चैक चैराहों में पेट्रोलिंग की जा रही है। इसी कड़ी में थाना- चैकी एवं यातायात द्वारा ट्रैफिक्र नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 68 लोग शराब पीकर वाहन चलाते हुए मिले। इसी तरह सात लोग को ओवर स्पीड वाहन चलाने, 28 लोगों के विरूद्ध बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने तथा धारा 304 के तहत तीन लोगों का लाइसेंस निरस्त किया गया। इसके साथ ही अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 22 प्रकरणों में लगभग 35 हजार रूपये वसूले। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पेट्रोलिंग किया गया। पैट्रोलिंग के दौरान मुख्य चैक चैराहा एवं भीडभाड़ वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया। गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वहां चलने वाले पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई।

# कलेक्टर अजीत वसंत ने पसान में मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों का लिया जायजा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के 09 मार्च को प्रस्तावित आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के पसान में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम हेतु चिन्हाकिंत स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने हैलीपेड में फायर ब्रिगेड सहित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय का जिले के पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पसान में 09 मार्च 2024 का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवविवाहित जोड़ो को आशीर्वाद देंगे।

# मंत्री लखनलाल देवांगन का यादव समाज ने किया सम्मान




**कोरबा(विश्व परिवार)।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, छत्तीसगढ़ कोरबा ने राधाकृष्ण मंदिर, शारदा विहार में लखनलाल देवांगन के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन थे। उन्होंने यादव समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने आयोजन को सामाजिक एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया इस अवसर पर श्री देवांगन ने कोरबा में यादव समाज के विभिन्न मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री भुनेश्वर यादव एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव श्री डी आर यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। भुनेश्वर यादव ने मंत्री श्री देवांगन के सामने समाज का मांग पत्र रखते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में हमारे समाज के लोगों को प्रथामिकता दी जाए। यादव समाज के लोगों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचना हमारा लक्ष्य है। इसके लिये हमें कड़ी मेहनत की जरूरत है। श्री डी आर यादव अपने संबोधन में कहा कि यादव समाज के लोग देश के विकास में प्रशंसनीय योगदान दे रहे हैं। निरंतर प्रगति करने के लिए समाज को एकजुट होने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। युवा अध्यक्ष श्री मिथिलेश यादव ने कहा कि हम सभी को अपने-अपने जिले में संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। समाज आगे बढ़ सके इसके लिये हमें संगठित होकर काम करने की जरूरत है। भाजपा जिला महामंत्री युवा मोर्चा श्री नरेंद्र देवांगन, पार्षद श्री बुधवार साय यादव , जितेंद्र यादव सुजीत यादव, छोटे लाल यादव, बिलासपुर, सुरेश यादव रायपुर, राजकुमार यादव अंबिकापुर, श्री रिखी राम यादव, महिला प्रकोष्ठ श्रीमती हार बाई यादव, सरिता यादव, दंतेवाड़ा सैलाना यादव, जांजगीर ओमकार बाई यादव, सुषमा यादव, बाराद्वार, श्रीमती सुभद्रा यादव, सुनीता यादव, विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे.यादव समाज के संरक्षक श्री केदार यादव श्री चंद्रमणि यादव, श्री हीरालाल यादव, श्री मूरत यादव श्री चुवाराम यादव,प्यार यादव जगन्नाथ यादव, शिवनाथ यादव, विशेष तौर पर उपस्थित थे अतिथियों ने समाज के उत्थान की दिशा में विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम,मे महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती ऊमा यादव, संतोषी यादव, सुशीला यादव, गुड़िया यादव,सुनीता यादव, चमेली यादव,विमला यादव, पूर्णिमा यादव,कमला यादव, सुशीला यादव,नीता यादव, देवला यादव, पुनम यादव, अहिल्याबाई यादव,दुर्गा यादव,रूपकुँवर यादव, बुदकुंवर यादव, पौधाबाई, राखी यादव, राधिका यादव, सुनीता यादव, भगवती यादव, ललिता यादव, धनबाई यादव, चैनबाई यादव, पूर्णिमा यादव, शालिन यादव, द्रोपति यादव, पुनम यादव, प्रमिला यादव, सीता यादव, गंगादेवी यादव, मालती यादव, शांति यादव,अनिल यादव, दिलीप यादव, रामगोपाल यादव, व महिलाएं बच्चे एवं स्वजाती बंधो बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिले के सांकरा थाना क्षेत्र में सपोस गांव में जमीन विवाद पर एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मोतीराम ध्रुव ने सांकरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई शंकर ध्रुव (उम्र 50 वर्ष) के साथ आरोपी मनोहर धृतलहरे के कोठार जमीन को लेकर विवाद था और बीती रात मृतक शंकर ध्रुव के नाती अजय ध्रुव और उसके दोस्त सोमनाथ, तपुराज, हेमंत के साथ आरोपी हेतराम, मनोहर देवराज, करन, चंद्रप्रकाश और सुनील ने मारपीट किया। उसके बाद मारपीट करने वालों का जब मृतक शंकर ध्रुव ने विरोध किया तो सभी आरोपियों ने मिलकर लोहे के रॉड से हमला कर उसे जमीन पर गिरा दिया और हेतराम शंकर के सीने और गर्दन में रॉड से हमला कर दिया। वहीं हीराबाई ध्रुव बीच बचाव करने गई तो उनसे भी गाली गलौच करते हुए मारपीट किया गया। जिसमें हीराबाई को भी चोट आई। इस मारपीट की घटना में गंभीर चोट आने से शंकर ध्रुव की मौत हो गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ सांकरा थाने में धारा 294, 323, 147, 302 के तहत अपराध दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामले में पुलिस ने हेतराम धृतलहरे उम्र 34 साल,मनोहर धृतलहरे उम्र 40 साल, देवराज धृतलहरे उम्र 22 साल,चंद्रप्रकाश पटेला उम्र 18 साल, करन धृतलहरे उम्र 19 साल तथा सुनील अंनत उम्र 19 साल को गिरफ्तार किया है।

### दुकानदार से मारपीट कर 2500 की लूट, गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दुकानदार से मारपीट करते हुए गल्ले में रखे 2500 रुपए लेकर भागने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलसि सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी लव कुमार जायसवाल निवासी कोडगार थाना पसान जिला कोरबा का आजाद चौक पर किराना दुकान वह निवास दोनों है। रोज की तरह प्रार्थी दुकान पर था, इसी दौरान 4 मार्च को आरोपी रमेश गोड़ आकर मारपीट करते हुए गल्ले में रखा 2500 रुपये को लेकर वहां से भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिसा ने आरोपी राजेश गोड पिता तेजूराम गोड निवासी दुल्लापुर बनखेता पारा चौकी कोरबी थाना पसान जिसे बारीकी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रामीण को पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी लाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कोरबा जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान तडके मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बांगो थाने की मोरगा पुलिस चैकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम परला के नवापारा आश्रित ग्राम निवासी गुरुद्वार दास धनुहार उम्र 40 पिता छाताराम धनुहार गत रात्रि सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी में मोरगा चैकी पुलिस द्वारा भर्ती कराया गया था। वहां उसकी हालत में किसी भी तरह का सुधार नहीं होने पर उसे तत्काल कोरबा जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया जाता है कि विभागीय एंबुलेंस से कोरबा जिला अस्पताल लाए जाने पर यहां उसकी गंभीर हालत के कारण उपचार शुरू होते ही मृत्यु हो गई। अस्पताल चैकी पुलिस ने वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर मर्ग कायम कर मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के उपरांत उसे पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। अस्पताल चैकी प्रभारी दाउद कुजूर ने बताया कि दुर्घटना स्थल परला मोरगा चैकी क्षेत्र में पड़ता है इसलिए मर्ग डायरी एवं दुर्घटना मामले समेत दोनों प्रकरण विवेचना के लिए मोरगा चैकी रेफर किया जा रहा है।

### दैहिक शोषण के मामले में पुलिस कर्मी जेल दाखिल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** समानता के सिद्धांत पर काम करते हुए पुलिस ने एक आरक्षक को गिरफ्तार किया है। उसे जेल भेज दिया गया। उस पर युवती का दहिक शोषण करने का आरोप है। कोरबा नगर के सिविल लाइन पुलिस थाना अंतर्गत बुधवारी बस्ती में निवासरत विकास केसरवानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया जो पिछले समय से राजनांदगांव जिले में पदस्थ है। कोरबा निवासी एक युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उसके बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई थी और इसमें काफी समय से दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया था। इस बारे में कई प्रमाण दिए गए थे और बताया गया था कि सरकारी नौकरी लगने के बाद अब वह कई प्रकार के झांसे दे रहा है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच के बाद अगली कार्रवाई कराई।



# संपादकीय

## सिर्फ नकारात्मक एजेंडे पर

साझा न्यूनतम कार्यक्रम के अभाव में इंडिया गठबंधन महज सीटों का एक तालमेल है- जिसका मकसद भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव रोकना है। यह अपने-आप में अच्छी पहल है, लेकिन इसे 'कुछ नहीं से कुछ बेहतर' से ज्यादा की रणनीति नहीं माना जाएगा। आखिरकार विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की पहली रैली हुई। पटना में हुई रैली में गठबंधन के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे और वहां जुटे लोगों में जीवंतता भी नजर आई। उम्मीद की जा सकती है कि इस रैली की सफलता से विपक्षी दलों में उत्साह एक हद तक लौटेगा, जो हाल में लगातार सियासी झटकों से आहत रहे हैं। इसके बावजूद यह तथ्य अपनी जगह बना हुआ है कि यह गठबंधन उद्देश्य की एकता दिखाने और सत्ता पक्ष के खिलाफ संघर्ष के लिए संकल्पबद्ध होने का संदेश देने में बहुत देर कर चुका है। पटना रैली में दिए गए भाषणों पर भी गौर करें, तो साफ होता है कि विपक्षी नेता वहां भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन पर बरसने से आगे नहीं बढ़ सके। इससे यही जाहिर होता है कि इंडिया गठबंधन के पास भाजपा विरोधी स्वाभाविक मतदाताओं और एनडीए के दस साल के शासनकाल से असंतुष्ट वोटों को जुटाने के अलावा कोई और रणनीति नहीं है। अपना कोई सकारात्मक एजेंडा जनता के सामने रखने की जरूरत तक इन दलों ने महसूस नहीं की है। इस बीच गठबंधन में शामिल पार्टियां अपना-अपना घोषणापत्र जरूर तैयार कर रही हैं, लेकिन जब एनडीए का मुकाबला वे इंडिया एलायंस के तौर पर करने जा रही हैं, तो उन अलग घोषणापत्रों की क्या साख होगी? वायदों और प्रस्तावित कार्यक्रमों पर कोई न्यूनतम सहमति भी है या नहीं, आखिर यह जानने का मतदाताओं के पास क्या जरिया होगा? मसलन, मतदाता यह कैसे भरोसा करेंगे कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने और सेना में अग्निपथ योजना खत्म करने के कांग्रेस के वादे पर गठबंधन में शामिल अन्य दल भी सहमत हैं या नहीं? यह बेहिचक कहा जा सकता है कि साझा न्यूनतम कार्यक्रम के अभाव में इंडिया गठबंधन महज राज्य स्तर पर सीटों का एक तालमेल है- जिसका मकसद भाजपा विरोधी वोटों का बिखराव रोकना है। यह अपने-आप में एक अच्छी पहल है, लेकिन इसे 'कुछ नहीं से कुछ बेहतर' से ज्यादा की रणनीति नहीं माना जाएगा। क्या यह भाजपा की चुनावी मशीन का मुकाबला करने में समर्थ होगा?

# एक शख्सियत-डॉ. इन्दु जैन नारी शक्ति के लिए हैं प्रेरणास्त्रोत

मनीष बैद

धार्मिक, सामाजिक, मीडिया एवं अकादमिक की विशेष गतिविधियों से जुड़ीं ,राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय जैनधर्म प्रतिनिधि डॉ0 इन्दु जैन राष्ट्र गौरव एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने भाषा, लिपि, कला, साहित्य, लेखन, पत्रकारिता, समाजसेवा, शाकाहार प्रचारक आदि के क्षेत्र में बहुत कम उम्र में ही वो मुक़ाम हासिल कर लिया है कि आपके कार्यों को देश-विदेश में अनेक सम्मानों से नवाज़ा गया है । राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित जैनदर्शन के प्रसिद्ध विद्वान प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी (पिताजी)आदर्श महिला सम्मान से सम्मानित जैनदर्शन विदुषी एवं ब्राह्मी लिपि विशेषज्ञ डॉ. मुन्नीपुष्पा जैन (मां) एवं विविध विधाओं के अनेक गुरुओं के सान्निध्य में आपकी सम्पूर्ण शिक्षा एवं प्रतिभा का विकास जैनधर्म के चार तीर्थंकरों की जन्मस्थली,भगवान पार्श्वनाथ की नगरी बनारस में हुआ है ।बनारस, माइक और मंच उनका बचपन से ही नाता रहा और आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर उन्हें अपनी कला को निखारने का अवसर मिला ।वे विवाह के पश्चात् बनारस से दिल्ली आईं और जीवनसाथी श्री राकेश जैन के समर्पित सहयोग एवं प्रेरणा से निरंतर अपनी प्रतिभा का चहुंमुखी विकास कर रहीं हैं । डॉ. इन्दु जैन ने विगत 25 वर्षों से कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में आलेख वाचन, मंत्रालय एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं के कार्यक्रमों का संचालन तथा संयोजन किया है । आपने कई विद्यालयों- विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अल्पसंख्यक आयोग, मंत्रालय के कार्यक्रमों,महिला एवं युवा सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं में अतिथि , मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि , अध्यक्ष आदि के रूप में प्रेरक वक्तव्य देकर अनेक लोगों को नई राह दिखाई है ।आपने शाकाहार अभियान , स्वस्थ मन अभियान,राष्ट्र धर्म ध्वजा अभियान से अनेक लोगों को जोड़ा है । भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री , धर्म गुरुओं आदि कई विशिष्ट व्यक्तियों के सानिध्य में आपने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं एवं विशेष कार्यक्रमों में, जैनधर्म के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभागिता की है एवं अपनी वाणी के प्रभाव से प्राकृत, संस्कृत, पाली, अपभ्रंश आदि प्राचीन भाषाओं के छंदों का सस्वर पाठ करके एवं हिन्दी भाषा के माध्यम से भारतीय एवं जैन संस्कृति को जन -जन के मन में बसाने का पावन कार्य किया है । पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित अपने आलेख, नाटक, गीत, कविताओं आदि के माध्यम से डॉ. इन्दु जैन पाठकों से निरंतर संवाद स्थापित करने में सफल रहती हैं । आप सर्वप्राचीन ब्राह्मी लिपि के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । आपकी अनेक उपलब्धियाँ हैं, जिनमें से मुख्य उपलब्धि यह है कि सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से प्रकाशित आपकी पुस्तक 'शौरसेनी प्राकृत भाषा और साहित्य का इतिहास' पर साहित्य जगत में देश का प्रतिष्ठित 'महावीर पुरस्कार' प्राप्त हो चुका है । आप Faith Leader Honour , राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान, जैन युवा सम्मान तथा राष्ट्र गौरव, नेशनल गौरव अवार्ड, JLA Iconic Incredible Woman Award, अथाई गौरव सम्मान, आदर्श पत्रकार सम्मान, आदर्श महिला रत्न,नारी गौरव सम्मान, काशी गौरव सम्मान, अहिंसा इंटरनेशनल पुरस्कार, श्रमण संस्कृति गौरव, मातृशक्ति सम्मान, इंटरनेशनल संकल्प अवार्ड, क्षुल्लक गणेश प्रसाद वर्णी स्मृति विद्वत परिषद पुरस्कार , ग्लोबल जैन सशक्त महिला पुरस्कार आदि कई सम्मानों से भी सम्मानित हो चुकी हैं । सिंगापुर तथा दुबई जैन समाज के लिए आप विशेष व्याख्यान दे चुकी हैं ।आपके व्याख्यानों से प्रभावित होकर दुबई समाज की ओर से आपको विदुषी रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है ।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं देश के सभी विशिष्टजनों के सान्निध्य में नवीन संसद भवन के भूमि पूजन एवं उद्घाटन के ऐतिहासिक समारोह के अंतर्गत आयोजित' सर्वधर्म प्रार्थना सभा' में जैनधर्म का प्रतिनिधित्व करते हुए आपने सर्वप्राचीन प्राकृत भाषा में गाथाएं एवं संस्कृत भाषा में महावीराष्टक एवं मंगलाष्टक का वाचन किया था, जिससे पूरे विश्व की जैन समाज गौरवान्वित हुई ।

वर्तमान समाज में कम होते नैतिक और चारित्रिक



मूल्यों की त्रासदी के मध्य डॉ0 इन्दु अपनी ओजस्वी वाणी, प्रेरक वक्तव्य, मधुर कंठ और मनमोहक संचालन द्वारा समाज को मूल्यों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रेरित कर रहीं हैं और प्राचीन भाषा प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत की शास्त्रीय प्रस्तुति के माध्यम से प्राचीन भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने का भगीरथ यत्न कर रहीं हैं ।विश्व शांति की स्थापना के उद्देश्य से अहिंसा, अनेकान्त, सद्भाव, करुणा, मैत्री, शाकाहार के प्रचार-प्रसार में, आप निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहीं हैं ।पूरे भारत वर्ष में आकाशवाणी में 22 भाषाओं में प्रसारित होने वाले , चुनाव आयोग के विशेष कार्यक्रम 'मतदाता जंग्शन' के कुछ एपिसोड लिखने का भी विशेष कार्य आपने किया है और निरंतर आलेख, कविता, नाटक, कहानी, डाक्यूमेंट्री आदि ऐसे ही कई विशेष कार्य कर रही हैं । वर्तमान में आप 'जिनधर्म रक्षक' की संस्थापिका, नेशनल मीडिया फाउण्डेशन' की राष्ट्रीय सचिव , भारतीय जैन विद्वत् परिषद् की सम्मानित सदस्या,'जिन फाउण्डेशन' की सचिव , देश-विदेश में करीब 2500 से अधिक स्कूल और 60 से अधिक कॉलेज के विद्यार्थियों में अहिंसा, करुणा, मैत्री, शाकाहार, पर्यावरण संरक्षण का प्रचार-प्रसार करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'करुणा इंटरनेशनल' (चेन्नई ) की संयोजक (दिल्ली), अथाई-आशा इंटरनेशनल की महासचिव,अखिल श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा की उपाध्यक्षा, 'अहिंसा प्रभावना पत्रिका' की मुख्य सम्पादिक, 'पागद भासा' की सलाहकार, 'प्राकृत टाइम्स इंटरनेशनल न्यूज़लेटर की सह सम्पादिका एवं कई प्रतिष्ठित संस्थाओं में सम्मानित पदों में रहकर, निरंतर समाज सेवा और सकारात्मक सोच के साथ, समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के कार्य में संलग्न हैं । 'जिनधर्म रक्षक' के माध्यम से डॉ. इन्दु एवं राकेश जी का उद्देश्य जैनधर्म के सभी परम्परा के बच्चों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैनधर्म के प्रतिनिधि के रूप में तैयार करना एवं बच्चों की प्रतिभा का चहुंमुखी विकास करना है । अभी तक जिनधर्म रक्षक की विभिन्न कार्यशालाओं में दो हज़ार से अधिक बच्चों ने जैनधर्म - दर्शन - संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया है। ज्ञातव्य है कि डॉ. इन्दु निरंतर अपने यूट्यूब चैनल,सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं कार्यशालाओं के माध्यम से भी जैन समाज को जैन संस्कृति , प्राकृत भाषा, ब्राह्मी लिपि, शाकाहार आदि के क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करती रहती हैं । उनका सपना है कि सभी गुरुओं के आशीर्वाद से वे पूरे विश्व के जैन बच्चों को एक परिवार की तरह जोड़कर जैन समाज की भावी पीढ़ी को जिनधर्म रक्षक के रूप में बचपन से ही तैयार कर दें ताकि बच्चे अभी से जैनधर्म-समाज-देश के लिए अपने कर्त्तव्य के प्रति जागरूक और समर्पित रहें । आज की युवा पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन चुकीं डॉ. इन्दु समाज में मूल्यों की स्थापना के लिए अहर्निश समर्पित रहती हैं ।

# विचार

## सतर्कता की उचित सलाह

आशंका है कि अगले 3-4 वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण चिप कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत में उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। क्रिस मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है। भारत सरकार ने बीते हफ्ते एक लाख 26 हजार करोड़ रुपये निवेश की तीन चिप परियोजनाओं को मंजूरी दी। बताया गया है कि इनके लिए भारत सरकार 48,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इनमें भारत का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट भी है, जो टाटा ग्रुप एक ताइवानी कंपनी के साथ मिलकर लगाएगा। इसके पहले पिछले साल केंद्र ने अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर लगाए जाने वाले संयंत्र को मंजूरी दी थी, जिसमें कुल 2.75 बिलियन डॉलर का निवेश होगा। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 10 बिलियन डॉलर (76000 करोड़ रुपये) की विशाल सब्सिडी का प्रावधान कर रखा है। इसे भारत की महत्त्वाकांक्षी पहल बताया गया है। लेकिन इस बड़ी योजना को लेकर कुछ सवाल भी उठे हैं। मसलन, विशेषज्ञ और बहुचर्चित किताब चिप वॉर के लेखक क्रिस मिलर ने भारत सरकार को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि भारत में लग रहे चिप कारखाने मुनाफा कमा सकने की स्थिति में हों। साथ ही ये उद्यम चिप विकास में भी योगदान करें। गौरतलब है कि भारत में फैब्रिकेशन यानी चिप उत्पादन के कारखाने लगाए जा रहे हैं। विकास से मतलब चिप तकनीक को उन्नत करने से है, जिसके लिए बहुत बड़े निवेश और महारत की जरूरत पड़ती है। कारखानों के मुनाफे को लेकर प्रश्न इसलिए उठे हैं, क्योंकि कोरोना काल में सप्लाई श्रृंखला भंग होने से चिप की हुई किल्लत झेलने के बाद दुनिया भर में नए ट्रेंड चिप कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का है। इसमें सबसे आगे अमेरिका है, लेकिन यूरोप ने भी अपनी महत्त्वाकांक्षी योजना बनाई है। चीन के खिलाफ अमेरिका के चिप युद्ध शुरू कर देने के कारण भी इस क्षेत्र में निवेश को उच्च प्राथमिकता मिली हुई है। नतीजतन, आशंका है कि अगले तीन से चार वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण दुनिया में इस कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत की वजह से अपेक्षाकृत सस्ते एवं उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है। इस पर समग्रता से विचार किया जाना चाहिए।

## कौन विश्व गुरू, कौन सी सभ्यता प्रकाश स्तंभ?

सवाल अच्छा है? दुनिया की कौन सी नस्ल व सभ्यता विश्व गुरू है? जवाब से पहले जानना होगा कि गुरू और सभ्यता के क्या मायने हैं? गुरू होना क्या होता है? सभ्यता से क्या अभिप्राय है? मेरी राय में यह परिभाषा सटीक है कि जो अज्ञान के अंधकार को दूर करता है वह गुरू। उपनिषदों में संस्कृत मूल के शब्द गुरू के 'गु' (अज्ञान) 'रू' (दूर करने वाला) की व्याख्या कमोबेश एक सी है। अज्ञान को अंधकार बताया गया है।। अन्धकारनिरोधित्वात् गुरु ऋत्यभिधीयते-अद्वैतारक उपनिषद) वही सभ्यता के मायने है, वह मानव समाज जिसकी वह विशिष्ट विकसित सामाजिक-सांस्कृतिक रचना है जिसमें लोग अच्छे से मजे में रहते है। लोग जिंदादिली, बुद्धि-सत्य-तर्कसंगतता, समानता, न्याय, लोकतंत्र व अनुसंधान-प्रयोगों की जोखिम की विरासत और गुणों से भरी-पूरीजिंदगी जीते है। इन अर्थों में पृथ्वी के आठ अरब लोगों, 195 देशों का वह विश्व गुरू कौन है, जिसमें अज्ञान, अंधकार मिटाने की गुरूता, प्रकाश है? या वह सभ्यता कौन सी जो मानों विश्व का प्रकाश स्तंभ? क्या पश्चिम की सभ्यता, ईसाई समाज? या अरब-इस्लामी सभ्यता-संस्कृति गुरू, और अनुकरणीय? या चीन और चाइनीज सभ्यता विश्व को अज्ञान, अंधकार से उजियारे की और ले जाने की टार्चलाइट? और हम हिंदू? सदियों से विश्व गुरू के सपनों में जी रहे हैं और अब तो बाकायदा विश्व गुरूहोने का डंका भी पीटते हुए।और महात्मा गांधी जगत संत वही नरेंद्र मोदी जगत पिता! ऐसा ही रूस, उसके पुतिन, स्लाविक सभ्यता का घमंड है कि उसका महाशक्ति रूप बाकी सभ्यताओं के लिए प्रकाश पुंज। कइयों का खासकर दुनिया के वामपंथियों का ख्याल है अमेरिका पतन के कगार पर है तो रूस या चीनी सभ्यता से ही दुनिया का अज्ञान-अंधकार मिटेगा। उस नाते दुनिया की व्यवस्था में गुरू पर विचार और फैसला वैसा ही है जैसे इन दिनों हम भारत के लोगों के लिए कलियुगी गुरूओं में चुनने का झंझट है। गुरूओं में प्रतिस्पर्धा है। सक्सेस रेट कसौटी है। मार्केटिंग से फैसला है। और जिसकी लाठी उसकी भैंस या ऊंची मगर झूठ की दुकान के झांसे में गुरू, महागुरू, विश्व गुरू चुने जाते हुए हैं।

# मां की मनोवृत्ति पर ही आधारित होती है संतान की भी मनोदशा

डॉ. सर्वजीत कौर/ (होम्योपैथ, साइकोलॉजिस्ट, सुजोक थैरेपिस्ट)



जैसे संतान युक्त होना एक वरदान है वैसे ही शारीरिक रूप से विकसित और मानसिक रूप से संतुलित और सक्रिय संतान का होना भी एक मां के उत्कृष्ट प्रयास का मनोहर परिणाम है। आज के दौर में सभी एक सफल और प्रशंसनीय मां बनना चाहते हैं और पूर्णत: उनकी यही कोशिश और अपेक्षा होती है कि उनकी संतान का स्वभाव, आचरण ,सामाजिक दृष्टिकोण ,अभिवृति, व्यवहारिक प्रतिक्रिया और पारिस्थितिक मनोदशा सिर्फ संतुलित ही नहीं अपितु उसकी उम्र से ज्यादा विकसित और उत्कर्ष रहे ।

पर क्या ऐसा हमेशा संभव होना मुमकिन है ?

आइए समझते हैं उन छोटी-छोटी भूल-चूक को जहां हम अपने बच्चों की मनोवृति को प्रबुद्ध बनाने में निष्फल हो जाते है -

1)आपके परिवार में जन्म लेने वाले शिशु की मनोदशा कब निर्धारित होती है ?आपका यह मानना गलत है कि शिशु की मनोवृति मां के गर्भावस्था के दौरान ही निर्धारित होना शुरु हो जाती है। असल में यह तो दूसरा चरण है। पहला चरण तो संभोग की वेला का सही चुनाव करना है। संतान किस मानसिक प्रवृत्ति का होगा ये बात तो संभोग के समय से ही निश्चित होना शुरू हो जाती है। आने वाले शिशु के लिए मां मानसिक रूप से कितनी तैयार और सकारात्मक है , इस बात का होने वाले बच्चे के अंतर्मन , मनोदशा और मानसिक विकास पर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ता है। अगर आप किसी जीर्ण/लाइलाज बीमारी से ग्रसित हैं या तनाव ,अवसाद ,घृणा ,भय/दुर्भीति या दबाव की परिस्थिति से गुजर रहे हैं तो संभोग काल को स्थगित करें क्योंकि ऐसी दशा में संभोग करने से आने वाले शिशु के मानसिक स्थिति पर बहुत गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है। अगर आप विबुद्ध संतान चाहते हैं तो खुशमिजाज और सकारात्मक मानसिक स्थिति में ही संभोग करें परिणाम अच्छा मिलेगा।

2) गर्भावस्था के दौरान मां की किन कमियों/गलतियों की वजह से होने वाले शिशु के मानसिक विकास पर होता है प्रहार -गर्भावस्था में अगर मां किसी कुपोषण, हार्मोनल इंबैलेंस, जीर्ण रोग,अवसाद, मानसिक दबाव ,भयानक डर, संताप, हिनता ,रोष या आक्रोश की परिस्थिति से गुजर रही है तो बच्चे के मानसिक विकास में ह्वास होने के कारण उसमें ये विकार पाए जा सकते हैं जैसे -मंदबुद्धि , डरपोक , कमजोर याददाश्त ,धीमी अनुक्रिया , हीनभावना , जिद्दी, हठी, आक्रामक , धैर्यहीन, कुपोषित, समाजघाती इत्यादि इसके अतिरिक्त उसमें कुछ अन्य विकार भी पाए जा सकते हैं जैसे - तोतलाना ,हकलाना, अंगूठा चूसना ,नाखून चबाना, आंखें मिच मिचाना , तरह-तरह के अप्रकृत चेहरे



बनाना ,

हर वक्त रोना बिलखना या सिसकना इत्यादि

3) कितनी सफल हैं आप अपनी संतान की मनोदशा को समझने में क्या आप अपने शिशु की अभिव्यक्ति को पूर्ण रूप से समझने में चूक रहे हैं ? इस सवाल का जवाब आपके भीतर ही छिपा है। बच्चों का अवचेतन मन काफी संवेदनशील और जिज्ञासु होने के कारण वो जितना बोले गए शब्दों से नहीं सीखते उससे कई ज्यादा वह अपने वातावरण में मौजूद लोगों के आचरण से सीखते है। इसलिए अपने बच्चों की व्यवहारिक प्रतिक्रिया को समझने के लिए आपको पहले अपने आचरण पर केंद्रित करना पड़ेगा तभी आप उनके मनोवृति की तह तक पहुंच सकते हैं और उसे बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। उसकी बुद्धि विकसित करने के लिए आपको उसे आत्मसम्मान , मनोबल , स्वयं निर्णय लेने की क्षमता, आत्मनिर्भरता जैसे सकारात्मक प्रक्रियाओं से अवगत कराना होगा। आपकी इतनी सहायता भी आपके बच्चों को मानसिक रूप से पल्लवित करने में काफी मददगार साबित होगी।

4) हमारी कौन सी बातें /हरकतें बच्चों के कोमल हृदय में गहरा वार कर जाती है-बड़ों के कुछ ऐसे हीन आचरण भी हैं जो एक मानसिक रूप से स्वस्थ बच्चे के मन पर ऐसा गहरा प्रहार करतें हैं कि जिनकी चोट से बच्चे की मनोदशा दूषित हो जाती है और उसकी मानसिक प्रतिक्रियाएं बदलने लगती है ।यह भयानक आचरण कुछ इस प्रकार हैं जैसे कि - बच्चे की उपेक्षा करना, स्नेह और समय ना देना, हर वक्त खुद को व्यस्त जताना, छोटी गलती में जरूरत से ज्यादा डांटना, दूसरों के सामने अपमानित करना या मारना , पारिवारिक कलह , उसके सामने शर्ते रखना , धमकाना या छोटी-छोटी बातों में ब्लैकमेल करना , उसके अच्छे कार्यों पर प्रशंसा ना करना, उसकी सफलता को नकारना , उसकी बातें ना सुनना, उसकी कल्पनाओं को सही दशा ना देना , उसकी आवश्यक इच्छाओं को पूरी ना करना, किसी भी चीज़ के लिए उसे जरूरत से ज्यादा तरसाना या इंतजार कराना, किसी दूसरे बच्चे से उसकी अनावश्यक तुलना करना। और जब बच्चा इन प्रहारों का अतिक्रमण नहीं कर पाता तो कई तरह के मानसिक विकार अर्जित कर लेता है।

# समानता की अर्थव्यवस्था के प्रति मार्ग प्रशस्त कर रही हैं महिलाएं

पिछले दशक में भारत ने महिला श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूएलएफ्पीआर) को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से यु ?वतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है, जो न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करती है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी प्रेरित करती है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले दशक में व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों, नीतिगत उपायों और महिलाओं के कामकाज के संबंध में सामाजिक मानदंडों में आए बदलावों को दर्शाती डब्ल्यूएलएफ्पी की वृद्धि संभवत: पिछली सदी में देखी गई वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

## महिला श्रम बल भागीदारी के लिए निर्णायक दशक

भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है। ये प्रयास कार्यस्थल पर सुरक्षा और विविधता सुनिश्चित करने संबंधी कॉर्पोरेट नीतियों के साथ मिलकर श्रम बाजार में महिलाओं के लिए बाधाओं को दूर करने के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण दर्शाते हैं।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफ्एस) कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गई। यह सकारात्मक रुझान राजनीतिक और नौकरशाही (सार्वजनिक), कॉर्पोरेट (निजी) और युवतियों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में, भारत आर्थिक अवसरों के लिए तैयार है, इस सार्वजनिक-निजी-युवा इकोसिस ?टम को और मजबूत बनाना तथा उच्चतम स्तर पर नीति निर्माण को सूचित करने के लिए युवतियों को समान भागीदार के रूप में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

## श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के परामर्श की प्रेरणादायी भूमिका

डब्ल्यूएलएफ्पीआर में सुधार लाने के आलोक में, सरकार, सिविल सोसायटी, उद्योग संघों और बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य बल बनाने की दिशा में एमओएलई के प्रयास सराहनीय हैं। इस कार्यबल की चर्चाओं से प्राप ?त महत्वपूर्ण निष ?कर्ष को 'महिलाओं के लिए समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करना' शीर्षक से नियोक्ताओं के लिए परामर्श के रूप में संकलित किया गया है, जो हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को सुदृढ़ बनाता है। यह कामकाज के अनुकूल वातावरण, समान वेतन प्रथाओं और कार्यबल में विशेष रूप से महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करता है।

## बाधाएं दूर करना

काम के लचीले घंटों और बच्चों की देखरेख की सुविधाओं जैसे उपायों की सिफारिश करते हुए इस परामर्श का उद्देश्य श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली कुछ प्राथमिक बाधाओं को दूर करना है। निर्माण कार्य में संलग ?न श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों तथा सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों में काम करने वाली महिलाओं के लिए जेंडर न ?यूट्रल क्रेच और महिलाओं के कामकाजी केंद्रों के



प्रावधानों के महत्व पर समान रूप से जोर दिया गया है। आवागमन और बच्चों को जन ?म देने से संबंधित सामाजिक बाधाएं दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो युवतियों के कार्यबल में प्रवेश और पुन:प्रवेश को बाधित करते हैं। परामर्श में चित्रित किए गए संलग्न क्रेच और बुजुर्गों की देखभाल की सुविधाओं युक ?त महिला कामकाजी केंद्रों/छात्रावासों के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। इसमें सुरक्षा, संरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखरेख के प्रावधानों युक ?त विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण, परिवर्तन और विकल्पों के प्रतिनिधि के रूप में युवतियों को विकसित करना और उनके निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल होगा। सिविल सोसायटी और बहुपक्षीय एजेंसियों की सहायता समुदायों और परिवारों के व्यवहार में बदलाव लाने को बढ़ावा देगी, ताकि वे इन केंद्रों को युवतियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का स्थान मान सकें।

कोविड-19 के कारण कार्यस्थलों को देखने का हमारा नजरिया बदल रहा है, तथा ज ?यादातर नौकरियां हाइब्रिड और रिमोट प्रारूप में बदल गई हैं, ऐसे में प्रौद्योगिकी पारंपरिक कार्यस्थल की बारीकियों को खत्म करने में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। टेलीवर्किंग सुविधाओं सहित महिला-पुरुष सभी के लिए लचीले अवसरों के प्रावधान को इस तथ्य को सुदृढ़ करने के लिए परामर्श में रेखांकित किया गया है कि देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और महिलाओं को खुद पर पड़ने वाले देखभाल के असंगत बोझ के कारण रोजगार से बाहर नहीं हो जाना चाहिए। ये घटनाक्रम महिलाओं के व ?यापक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रगतिशील, हालांकि चुनौतीपूर्ण, मार्ग सुझाते हुए, इन लाभों को बरकरार रखने और संवर्धित करने के लिए निरंतर नीतिगत फोकस और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

## महिलाएं शतक लगाएंगी

भारत कामकाजी लोगों की अधिक आबादी के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है, ऐसे में महिला कार्यबल की क्षमता का पता लगाना सामाजिक न्याय और रणनीतिक आर्थिक अनिवार्यता का मामला है। समाज के सभी क्षेत्रों के ठोस प्रयासों के साथ एमओएलई का परामर्श कार्रवाई का खाका पेश करता है। आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसका प्रतिफल-आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक कल्याण और मानव सामथ ?य की पूर्ति-पहुंच के भीतर हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत की उन्नति के प्रयास को न केवल आवश्यक बल्कि अनिवार्य बनाता है। इन सिफारिशों को अपनाकर और डब्ल्यूएलएफ्पीआर को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध होकर भारत समावेशी सामाजिक एवं आर्थिक समानता और अपने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य की दिशा में रास्ता निर्धारित कर सकता है। द्धठ्ठस्त्रद्बड्डञ्च100 के लिए आर्थिक विकास का नेतृत्व करने वाले 'नायक' वास्तव में सक्षम नारियां हैं.

धुवाराखा श्रीराम, यूनिसेफ इंडिया में युवाह की प्रमुख

# संक्षिप्त समाचार

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त महिलाओं सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी योग्यता और क्षमता के बल पर सफलता के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। हम सभी को एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है जहां सभी महिलाएं सशक्त हों। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के प्रति नजरिए में सकारात्मक दृष्टिकोण और स्वस्थ सोच बनाए रखने की आवश्यकता है। तभी सच्चे अर्थों में प्रदेश सहित राष्ट्र की प्रगति होगी।

## महतारी वंदन योजना से मिलने वाले राशि हमारे भविष्य का सहारा: श्रीमती नम्रता सागर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कालीबाड़ी, नेहरू नगर की रहने वाली श्रीमती नम्रता सागर ने बताया कि हर महीने एक हजार रुपए देने वाली राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना सराहनीय है। इससे मिलने वाली राशि से हम महिलायें आर्थिक आर्थिक रूप से संबल होंगी। श्रीमती नम्रता आगे कहतीं हैं कि उनके पति का मासिक आय सात से आठ हज़ार रुपये मात्र है, जिससे घरेलू खर्च और बच्चों के लिए शिक्षा और अन्य इच्छाओं की पूर्ति करने में कई बार असमर्थता होती थी, अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को भविष्य निधि के रूप में मासिक निवेश करूँगी जिससे भविष्य में उस राशि से अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। आगे कहती हैं कि उनके पति ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए हितकारी बताते हुए कहा कि इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्वतंत्रता आएगी। घरेलू खर्च के साथ ही साथ बचत पर सोचने वाली महिलाएँ महतारी वंदन योजना से मिलने वाले राशि को अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए बेहतर उयोग कर सकेंगी। श्रीमती नम्रता सागर ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को इस योजना के लिए धन्यवाद प्रेषित किए।

# जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया




### कलशाभिषेक कर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

**ललितपुर (विश्व परिवार)।** सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित तालबेहट के दोनों जैन मंदिरों में निर्वाण लाडू चढ़ाकर जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया। सुबह नित्यमय अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान के बाद भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी की विशेष पूजन अर्चना की एवं निर्वाण लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक मनाया। रात्रि में मंगल आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें अनिल कुमार, महेंद्र जैन, संत प्रसाद मिठ्या, सनत कुमार, अशोक कुमार, प्रवीन जैन, वीरेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र जैन, प्रकाश परिधान, राजीव जैन, विजय कुमार, सुशील मोदी, प्रदीप एड, विकास जैन, सुरेंद्र जैन, हितेंद्र पवैया, श्रेयांश जैन, जितेन्द्र कुमार, स्वतंत्र जैन, अजय जैन अज्जू, अमित कुमार, धर्मेंद्र जैन, रीतेश चौधरी, सुधीर जैन, आलोक चौधरी, अनुराग मिठ्या, रोहित बुखारिया, आदेश मोदी, सौरभ जैन, आकाश चौधरी, प्रिंस जैन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रीय सहयोग रहा। संचालन पूर्व पार्षद चौधरी चक्रेश जैन ने किया। अहिंसा सेवा संगठन के संस्थापक विशाल जैन पवा ने सभी का आभार व्यक्त किया। -**विशाल जैन पवा**

# जैन आचार्य जयकीर्ति जी महाराज के सानिध्य में शुरू हुआ 10 दिवसीय श्री जैन रामायण कथा महोत्सव का भव्य आयोजन



**पटना (विश्व परिवार)।** कदमकुआँ स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रथम बार गुरुवार से दस दिवसीय श्री जैन रामायण कथा महोत्सव की शुरुआत जैन संत आचार्य श्री 108 जयकीर्ति जी महाराज ससंघ के सानिध्य में हुआ।

प्रवीण जैन ने बताया कि यह कथा महोत्सव विशिष्ट राम कथाकार अनुष्ठान विशेषज्ञ परम पूज्य ध्यान दिवाकर मुनि प्रवर 108 श्री जय कीर्ति जी गुरुदेव के पावन सानिध्य में हो रहा है। पूज्य गुरुदेव अपनी अनूठी शैली के साथ 7 मार्च से भव्य आगाज श्री जैन रामायण कथा महोत्सव का किया। ऐसा कार्यक्रम पटना के इतिहास में प्रथम बार हो रहा है जहां जैन दर्शन के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है।

कथा के दौरान अपने चिर परिचित अंदाज में जैन संत जयकीर्ति जी महाराज की बहुचर्चित राम कथा प्रत्येक वर्ग के लोगों को मंत्र-मुग्ध कर देने वाली है। यह जीवन जीने की राह सिखाती है प्रभु श्री राम का जीवन आज्ञाकारिता, धीरता गंभीरता, शांतता, वीरता, कर्तव्य परायणता जैसे अनेकों गुण जीवन में उतारने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थित श्रद्धालु ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण कर रहे थे। श्री जैन रामायण कथा महोत्सव का आयोजन सुबह 7:30 से 10:00 बजे तक कदमकुआँ कांग्रेस मैदान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर प्रांगण में 16 मार्च तक चलेगा। -**प्रवीण जैन**

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

### जयकारों के बीच चढ़ाया निर्वाण लाडू, दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए विशेष आयोजन

**जयपुर (विश्व परिवार)।** जैन धर्मावलंबियों ने गुरुवार, 7 मार्च को जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया ।इस मौके पर राजधानी के दिगम्बर जैन मन्दिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए तथा निर्वाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढाया गया।

अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन %कोटखावदा% ने बताया कि प्रातः मुनिसुव्रतनाथ भगवान के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई।

तत्पश्चात श्री जी की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई ।निर्वाण काण्ड भाषा के उच्चारण के बाद मंत्रोच्चार के साथ भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक श्लोक, वदि बारस फागुन मोक्ष गये ।तिहूलोक शिरोमणि सिद्ध भये। सु अनन्त गुनाकर विघन हरी। हम पूजत है मनमोद भरी का सामूहिक उच्चारण करते हुए मोक्ष कल्याणक अर्घ्य एवं निर्वाण लाडू चढाया गया। भगवान मुनिसुव्रतनाथ की 108 दीपकों से महाआरती के बाद समापन हुआ। विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में भगवान मुनि सुव्रतनाथ के



मोक्ष कल्याण के पावन अवसर पर निर्माण लाडू अर्पित किया गया इस मौके पर एम पी जैन, कैलाश सेठी, अरविंद गंगवाल, हनुमान गंगवाल को सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंत्रोचार से निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। निर्मल काला - भंवरी देवी काला, विनेश - प्रीती सोगानी, चंदा देवी- महेंद्र कासलीवाल, सुरेश- कनक लता बांदीकुई वाले शामिल हुए। इस मौके पर महल योजना के श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, झोटवाड़ा के पटेल नगर स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर, कल्याण नगर स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में निर्वाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढाया गया। श्री जैन के मुताबिक चूलगिरी, मंदिर संघीजी सांगानेर, वाटिका के नवग्रह मंदिर सहित कोटखावदा के बड़ाबास स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में भगवान मुनिसुव्रतनाथ की खड्गासन प्रतिमा के अभिषेक किये गये।

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक शनिवार, 9 मार्च को जैन श्रद्धालुओं द्वारा जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर भगवान वासूपूज्य का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

-**विनोद जैन कोटखावदा**

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का समापन संत शाला का भूमिपूजन एवं शिलान्यास हुआ



**चांदखेड़ी (विश्व परिवार)।** दिनांक 7 मार्च प्रात:काल बेला में श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ इसके पश्चात भगवान की पुजन निर्वाण लाडु, व हवन के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान की पुर्णाहुति की गई। इसके उपरांत श्रीजी की शोभायात्रा मन्दिर से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से महावीर पार्क से होती हुई वापस श्री मुनिसुव्रतनाथ मन्दिर पर संपन्न हुई।

महामंत्री प्रशांत जैन ने बताया कि शोभायात्रा मे महिलाएं व पुरुष मस्तक पर मुकट धारण करके, इन्द्र-इन्द्राणी के वेश मे नृत्य करते हुए चल रहे थे जो कि आकर्षण का केन्द्र रहा। वही नवयुवक श्री जी को पालकी मे उठाए हुये चल रहे थे। सभी समाज बंधु भक्ति एवं उत्साह के साथ शोभायात्रा मे चल रहे थे।

मन्दिर पर संतशाला का भूमि पुजन : वही इस अवसर पर विधानाचार्य बाल ब्र.संजय भैया मुरैना के सानिध्य मे संत शाला का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें मुख्य आधारशिला समाज के आग्रह पर चन्द्रोदय तीर्थ चांदखेड़ी के अध्यक्ष श्री मान हुकम काका ने रखी।

परमेष्ठि पांच शिलाएं संतकक्ष के पुण्यार्जकों श्री स्वरूपचन्द गजेन्द्र कुमार कागला परिवार, मातृ श्री प्रेमबाई तदपुत् ‘श्री ऋ्षभ जैन अजित कुमार जैन कागला परिवार, ब्र.बहन ऋ्रुकला दीदी, श्री शंकरलाल जी श्री मति विद्या तदपुत्री् ब्र.बहन उषा दीदी, श्री पदम कुमार अमित कुमार कागला परिवार द्वारा स्थापित की गई।

निर्माण शिला संतकक्ष पुण्यार्जक श्री सत्यनारायण महेशकुमार, राजकुमार, प्रशान्त जैन लीमी परिवार व आहार कक्ष पुण्यार्जक श्री भगवानस्वरूप पदमकुमार देवरी परिवार द्वारा स्थापित की गई

इसके पश्चात स्वर्ण व रजत शिलाएं स्थापित करके समाज के सभी परिवारों ने शिलान्यास मे भाग लेकर पुण्यार्जन किया इस अवसर पर वात्सल्यभोज भी आहूत किया गया।

-**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# युवा देशहित में समर्पण के साथ कार्य करें : राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन

### राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय के कैडेट्स का ‘एट होम’ कार्यक्रम सम्पन्न




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में आज यहां राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय के कैडेट्स का ‘एट होम’ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बटालियन के वे एन.सी.सी. कैडेट्स शामिल हुए, जिन्होंने नई दिल्ली में इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, ब्रिगेडियर श्री विक्रम सिंह चौहान वाई.एस.एम, विंग कमाण्डर श्री विवेक कुमार, कर्नल श्री प्रदीप सहित कैडेट्स के परिजन उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पूरे देश में 6 वां स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सैन्य अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से कैडेटों को प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया और उन्हें इस स्तर तक पहुंचाया। श्री हरिचंदन ने एन.सी.सी. कैडेट्स का आव्हान किया कि वे देशहित के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें और देश पर हमेशा गर्व करें। उन्होंने कहा कि वंचित वर्गो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल, भारत विश्व में अपना महत्व साबित कर रहा है बल्कि देश के अंदर भी सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 की संकल्पना के लिए युवाओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है जिससे देश के सभी युवा उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराता है और अनुशासन बनाए रखते हुए एकता की भावना विकसित करता है। एनसीसी संगठन द्वारा आयोजित शिविरों और कार्यक्रमों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से आए कैडेट न केवल एक-दूसरे की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानते हैं बल्कि विदेशों में जाकर भारतीय संस्कृति का परिचय भी देते हैं, जो बेहद सराहनीय है।

# अध्यक्ष चितावर जायसवाल और सीएमओ भोलासिंह ठाकुर के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन लिया वापस



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** दो वर्षों से अटकी गौरव पथ निर्माण की प्रक्रिया और अधूरी सड़क से हो रही भारी असुविधा से आक्रोशित बलौदाबाजार नागरिक सेवा समिति के सदस्यों ने गुरुवार 7 मार्च को नगर पालिका कार्यालय के सामने प्रात: 9 बजे से समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला के नेतृत्व में सांकेतिक हड़ताल शुरू की। नारेबाजी और सदस्यों के उद्बोधन को एक घंटा भी नही हुआ था कि नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष चितावर जायसवाल, सी एम ओ भोलासिंह ठाकुर व तहसीलदार राजू पटेल ने प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित हो कर आश्वासन दिया कि 3 दिन के भीतर डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और सड़क निर्माण पूर्ण होते तक कार्य निर्बाध चलता रहेगा। उनके गंभीरता के साथ दिए गए आश्वासन पर एकमत होकर समिति ने सांकेतिक हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। अध्यक्ष चितावर जायसवाल ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने सड़क निर्माण कार्य जानबूझकर रुकवाया था जिससे हमारी भाजपा परिषद बदनाम हो जाय। अब हमारी सरकार आ गई है। फण्ड की कोई कमी नही होगी। सड़क अब पूर्ण हो जायेगी यह हमारा आपसे वादा है। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम शुक्ला, रामनाथ वर्मा, सुशील तिवारी, भूषण बंजारे, रोहित वर्मा, सूर्यकांत अग्रवाल, नीरज बाजपेई, एस एम पाध्ये, विद्याधर तिवारी, अविनाश मिश्रा, युवराज साहू, भुनेश्वर साहू, डी के कश्यप, विकास चंद्राकर, बुद्धेलाल साहू, शिव शर्मा, शिवांश शर्मा, नरोत्तम बघेल, हरीश पाटकर, युगलकिशोर साहू, प्रेमलाल सेन, तारण सिंह ठाकुर, कैलाश सोनी उपस्थित थे।

# रक्षा क्षेत्र में प्रदेश के एमएसएमई उद्योगों के लिए बन रही नवीन संभावनाओं का चेंबर स्वागत करता है : पारवानी

### छत्तीसगढ़ चेंबर के सहयोग से भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड रक्षा उत्पादन विभाग मंत्रालय, भारत सरकार का एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि भारत चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आज सुबह 11:00 से रायपुर स्थित होटल हयात में एक दिवसीय जागरूकता सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयंत कुमार संयुक्त सचिव रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं के. के. यादव निदेशक डीसी रक्षा उत्पादन विभाग रक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने एमएसएमई को सुविधा देकर रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने तथा नीतिगत पहलुओं से अवगत कराया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि ‘छत्तीसगढ़ में एमएसएमई को रक्षा क्षेत्र में अवसरों का पता लगाने तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्स बनाने भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स ने रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के साथ साझेदारी ‘रक्षा क्षेत्र में व्यावसायिक अवसर पैदा करने एमएसएमई पर ध्यान केंद्रित’ विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सत्र का सफल आयोजन हुआ। सत्र को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से भरपूर समर्थन दिया गया।

श्री पारवानी जी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आगे बताया कि श्री जयंत कुमार, संयुक्त सचिव, एयरोस्पेस, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने सत्र को संबोधित करते हुए बताया कि विदेशी ओईएम और डीपीएसयू नई प्रौद्योगिकियों को सीखने और आत्मसात करने और ओवरहेड लागत को कम करने के लिए घरेलू एमएसएमई के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने एमएसएमई को सुविधा देकर रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की नीतिगत पहलों की रूपरेखा तैयार की। इस संबंध में उन्होंने बताया कि सरकार ने रक्षा पूंजी अधिग्रहण बजट का 75 प्रतिशत आरक्षित रखा है, जो लगभग रु. स्थानीय कंपनियों से खरीदारी के लिए 1 लाख करोड़। उन्होंने आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ नई लॉन्च की गई इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज के एसिंग डेवलपमेंट के बारे में भी जानकारी दी, जहां स्टार्ट-अप रुपये तक की अनुदान सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। रक्षा प्रौद्योगिकी में उनके अनुसंधान विकास और नवाचार प्रयासों के लिए 25 करोड़। वह वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में अवसरों का पता लगाने और दीर्घकालिक व्यापार संबंधों में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ में एमएसएमई तक पहुंचे।

एमएसएमई से संबंधित नीतिगत पहलों पर अपनी प्रस्तुति में, श्री के.के. यादव, निदेशक, डीआईसी, रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने बताया कि वर्तमान में सिस्टम/उप के लिए निर्यात प्राधिकरण समय को 86 दिनों से घटाकर 35 दिन कर दिया गया है। -सिस्टम और घटकों के लिए 24 दिन से 13 दिन तक किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि सृजन रक्षा पोर्टल पर 34, 000 आइटम अपलोड किए गए हैं और 400 कंपनियों को 650 औद्योगिक लाइसेंस जारी किए गए हैं, जिनकी वैधता 3 से 15 साल तक बढ़ा दी गई है। पिछले 7 से 8 वर्षों में, जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और रक्षा और एयरोस्पेस में एफडीआई 5000 करोड़ रुपये से पार हो गया है।

अपनी प्रस्तुति के दौरान, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के महाप्रबंधक (स्वदेशीकरण) श्री तपश घोष ने सृजन पोर्टल पर अपलोड की गई 24, 000 वस्तुओं की रूपरेखा तैयार की, जिन्हें 1900 एमएसएमई से खरीदा जा रहा है।

# सकल जैन समाज ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**विदिशा (विश्व परिवार)।** सकल जैन समाज मध्यप्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा सीट से प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान से समाज के प्रतिनिधियों ने राकेश गोहिल सिरोंज एवं पंकज जैन विदिशा के नेतृत्व में सौहार्दपूर्ण मुलाकात की एवं उनको लिखित में एक ज्ञापन सोंपा जिसमें समाधिस्थ हुये संत शिरोमणि आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागरजी महाराज के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में दिये गये योगदान को दृष्टिगत रखते हूये उनके समाधि उपरांत भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाऐ एवं राज्यशासन जन हितैषी योजनाओं में उनके नाम से शुरु करें। दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताते हुये कहा कि पूज्य गुरुदेव ने समस्त भारत में गौ संवर्धन के उद्देश्य से कयी स्थानों पर गौ शालाओं के निर्माण में योगदान दिया वंही बच्चिओं की शिक्षा और भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुये स्थान स्थान पर प्रतिभास्थली को सुचारू रुप से संचालित करा रहे है, वंही समाज से उपेक्षित जैल में रह रहे कैदियों को हस्तकर्धा के माध्यम से उनके जीवन को उठाने का कार्य कर उनको अपराध बोध से मुक्त जीवन जीने की राह दिखाई है। सकल जैन समाज मध्यप्रदेश राज्य शासन से आपेक्षा रखता है कि मध्यप्रदेश के राज्य अल्पसंख्यक आयोग में अध्यक्ष/ सदस्य के रुप में जैन समाज के व्यक्ति को मनोनीत करे तीर्थों की पर्याप्त सुरक्षा एवं मूल भूत सुविधा के साथ पानी विजली एवं पहुंच मार्ग विकसित किया जाऐ। भारतीय जनतापार्टी के संकल्प अनुसार जैन संस्कृति वोर्ड आयोग का गठन किया जाऐ। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन देते हुये कहा कि आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागरजी महाराज मात्र जैन समाज के ही संत नहीं थे वह जन जन के संत थे में स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी से एवं भारत सरकार से व्यक्तिगत निवेदन करता हुं कि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को भारतरत्न से सम्मानित किया जाऐ एवं मध्यप्रदेश शासन से जैन समाज को जो आपेक्षाऐं है उनके लिये हम स्वं मुख्यमंत्री जी से बात करूंगा। -**अविनाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की गला काटकर बेरहमी से हत्या, जंगल में फेंकी लाश

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक युवक की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर उसके शव को तिलाजु आनंदपुर मार्ग के बलवा डामर जंगल में फेंक दिया गया. जंगल में युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. वहीं घटनास्थल पर पुलिस के आलाधिकारी भी मौजूद हैं. इधर घटना से नाराज ग्रामीणों ने चक्का जाम दिया है. यह मामला रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर के रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम तिलाजु आनंदपुर मार्ग में बलवा डामर जंगल के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है. मृतक का नाम जमशेद अंसारी उम्र 24 वर्ष आनंदपुर निवासी बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक जमशेद अंसारी मंगलवार को एक शादी समारोह में गया हुआ था. जहां से वह रात में घर नहीं लौटा था और आज सुबह सड़क किनारे जंगल में उसकी लाश मिली है. इस घटना से ग्रामीण काफी नाराज है.

### बीजेपी पार्षद दल ग्यारह को लाएगी नगर निगम में अविश्वास प्रस्ताव

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नगर निगम में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर राजनीति लगातार गरमाती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दल ने नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। प्रशासन की ओर से अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 11 मार्च की तारीख तय की गई थी। इसके साथ ही नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक भी इसी दिन रख दी गई। अब सामान्य सभा की तारीख निगम के द्वारा बदली जा रही है. जिसका विरोध के भाजपा पार्षदों द्वारा किया जा रहा है। भाजपा के पार्षदों ने नगर निगम के सामने प्रदर्शन कर तारीख बदलने का विरोध किया। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने आरोप लगाया है कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस पार्टी डरी हुई है. भारतीय जनता पार्टी महापौर के खिलाफ भी पूर्व में कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई थी। अविश्वास प्रस्ताव के दिन कांग्रेस के पार्षद बहुमत साबित करने पहुंचे ही नहीं। आगे उन्होंने कहा, इसी तरह का पत्र एक बार फिर कांग्रेस पार्टी आजमाना चाह रही है। महापौर और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से पहले ही शहर में विकास के कार्य थम गए हैं। महापौर और अध्यक्ष के द्वारा सामान्य सभा की बैठकें भी नहीं बुलाई जा रही है।

### बाइक के शौक ने युवक को बना दिया वाहन चोर

**बालोद(विश्व परिवार)।** स्पोर्ट्स बाइक चलाने के शौक में एक युवक बाइक चोर बन गया। उसने शहर के ही एक युवक की कीमती बाइक पार कर दी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। राजहरा थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी विनोश कोशी ने शिकायत दर्ज कराया था कि 16 फरवरी को उसकी कीमती स्पोर्ट्स बाइक को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसके बाद पुलिस ने मुखबीरों का जाल बिछाया तो सूचना मिली कि उक्त मोटर सायकल राजहरा टाउन में वार्ड क्र0 13 निवासी सुभम चौधरी के पास है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोचा और पूछताछ की तो उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली।

### रफ्तार की भेंट चढ़ी गर्भवती चीतल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पतरापाली से कटघोरा नेशनल हाईवे- 130 फोरलेन सडक मार्ग ना आदमी के लिए महफूज है और ना ही जानवरों के लिए..! इस हाईवे पर आए दिन दुर्घटनाओं का दौर जारी है. आज फिर सडक पार कर रहे एक मादा चीतल ने अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दम तोड़ दिया। विदित हो कि अभी एक सप्ताह पूर्व ही हाईवे पर सडक पार कर रहा एक चीतल अकाल मौत का ग्रास बन गया था.पाली वन परिक्षेत्र विभिन्न वन्यजीवों का रहवास है. वन परिक्षेत्र पाली में सरायपाली कोयला खदान खुलने और फोरलेन सडक मार्ग बन जाने के बाद वन्य जीव का रहवास क्षेत्र सिमट कर रह गया है. पाली वन मुख्यालय के समीप 10 किलोमीटर का दायरा चीतल-हिरन का समूह स्वछंद विचरण के लिए जाना जाता है,जो विकास की भेंट चढ़ गया है. वनो की बलि लेकर खदान और सडक तो बना दिया गया है लेकिन बेजुबान वन्य जीवो की सुध लेने वाला कोई नही है. वन्य जीवों के लिए पानी और चारे की कमी होने से इनका रुख आबादी वाले क्षेत्रों में हो रहा है. यही कारण है कि हादसों में बेजुबान जानवर मारे जा रहे हैं.सोमवार को दोपहर पाली बायपास वन विभाग विश्राम गृह के समीप हाईवे को पार कर रहा एक चीतल को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई.

# सामूहिक विवाह में 300 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे, विधायक चैतराम अटामी और जनप्रतिनिधियों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

## कन्यादान सबसे बड़ा महादान होता है- विधायक श्री अटामी

### नवदंपतियों को उपहार में मिला घरेलू सामग्री

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में आयोजित सामूहिक विवाह में 300 वर-वधू दाम्पत्य सूत्र में बंधे। विधायकचैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष श्री जयदयाल नागेश, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, एसडीएम जयंत नाहटा और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए



विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों के शादी की चिंता होती है, आज के समय में शादी में लाखों रूपये खर्च हो जाते हैं, सामूहिक विवाह एक पुनीत कार्य है। सामूहिक विवाह के माध्यम से कम खर्च में एक ही मंच पर एक से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हो जाता है, सब लोग मिलकर वर-वधू को आशीर्वाद देते है और उनके सुखमय जीवन की कामना करते है। फिजूल खर्च से बचने का यह एक अच्छा उदाहरण है, इस कार्यक्रम को देख कर अन्य लोगों को भी सीख मिलेगी। श्री अटामी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल वर-वधू को कन्यादान सबसे बड़ा महादान होता है, योजना के अंतर्गत संबंधित बालिकाओं के विवाह के लिए राशि 50000 रूपये का प्रावधान है, इसके साथ ही राशि में से प्रत्येक जोड़ों के लिए राशि 21000 रूपये का डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में एवं शेष राशि का उपयोग विवाह सामग्री, उपहार सामग्री एवं अन्य व्यवस्था किया जाता है। आरंभ में महिला बाल विकास के अधिकारी श्री वरुण नागेश ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत आज जिले में कुल 300 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हो रहा है, जिसमें 4 जोड़े ईसाई समुदाय के सम्मिलित है। इन सभी नवदंपतियों को घरेलु उपयोग की लिए सामग्री प्रदान किया जा रहा है।

### ट्रांसफर रुकवाने मंत्री बंगले पहुंचा पटवारी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** उच्चाधिकारियों की अनुमति लिए बिना ही राजस्व मंत्री के बंगले में अपना स्थानांतरण रुकवाने पहुंचे एक पटवारी को लेकर राजस्व विभाग सकते में आ गया है। वहीं मंत्री भी इस बात से नाराज हो गए। जिसके बाद अब बिलासपुर कलेक्टर ने पटवारी को शो कॉज नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब नही देने पर एक पक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल पूरा मामला बिलासपुर राजस्व विभाग का है। आपको बता दे कि कलेक्टर अवनीश शरण ने 29 फरवरी को जिले के पटवारियों का तबादला आदेश जारी किया था। इस तबादला आदेश में पटवारी आलोक तिवारी का तबादला बेलगहना तहसील के हल्का बहेरामुडा में किया गया था। इस आदेश के बाद एसडीएम ने पटवारी आलोक तिवारी को उसी दिन बहेरामुड़ा में ज्वाइनिंग देने के लिए भारमुक्त भी कर दिया गया। पद से भारमुक्त होने के बाद पटवारी ने अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग करने के बजाये अपने तबादले को रूकवाने के लिए सीधे राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बंगले पहुंच गया।

## महासमुंद लोकसभा के प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी का नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** महासमुंद लोकसभा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद गुरुवार को पहली बार गरियाबंद पहुंची लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चौधरी का नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में तिरंगा चौक में आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेट कर उनका नगर आगमन पर अभिनंदन किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला से लाद दिया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी पूर्व विधायक एवं लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, वरिष्ठ नेता घनश्याम सिन्हा, मुरलीधर सिन्हा, आशीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, तनु साहू, बिंदु सिन्हा, विनोद यादव,



आसिफ मेमन, पारस देवांगन, सुमित पारख, केशव साहू, रिजवान मेमन, फिरतू राम कंवर, प्रतीक तिवारी, संजू साहू, भीम साहू, रेणुका साहू, पुष्पा साहू, नूतन देवांगन, प्रतिभा हुमने, सरिता झरिया, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन मासूम बच्चों को बिलखता छोड़ आशिक के साथ भागी माशूका

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मां के ममत्व एवं पिता के पितृत्व के साये को ठुकराकर आशिक के प्यार में वशीभूत हुई मासूका गत रात्रि अपने तीन मासूम बच्चों को बिलखता छोडकर बाइक में लेकर उसे रफूचक्कर हो गई। बांगो पुलिस ने मामले में गुम इंसान दर्ज कर उसकी खोजबीन उसके पति के साथ संयुक्त रूप से युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बांगो थानांतर्गत एक 28 वर्षीय विवाहिता जिसके क्रमश: ढाई, चार एवं छह वर्ष के तीन मासूम बच्चे हैं। तीनों के साथ अपने गांव में रहते हुए बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। इसी दौरान उसके जीवन में एक आशिक ने दखलअंदाजी शुरू किया और उसे अपने प्यार के जाल में फंसाने में सफल रहा। हालत यह हो गई कि तीन मासूम बच्चों को वह अपने माता-पिता के प्यार से अलग कर दिया। यहां तक कि उसका पति भी उसकी बेवफाई को समझ नहीं पाया और धीरे-धीरे वो अपने पति से विमुख होती चली गई। इसी दौरान उक्त विवाहिता का प्रेमी लगातार आते-जाते रहा और उसे बाइक पर जगह-जगह घुमाने के साथ ही मासूमों को छोडकर उसे प्यार मोहब्बत का सब्जबाग दिखाते रहा। अंतत: कल मध्य रात्रि बाइक से अपने आशिक को लेकर रफूचक्कर हो गई, जिसका उसे व मासूमों को भी आभास नहीं हो पाया। बताया जाता है कि उक्त महिला के बेवफाई से भाग जाने पर उसके पति ने विवश होकर बांगो थाना पहुंचकर अपनी पत्नी के गुम इंसान होने का रिपोर्ट गुम क्रमांक 7/24 के तहत दर्ज करा दिया। बांगो टीआई एवं लापता हुई विवाहिता के पति ने अपने आशिक के साथ भाग निकली मासूका की खोजबीन युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का पर्याय है महतारी वंदन योजना - रत्ना पटेल

**सारंगढ़-बिलाईगढ(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के महिला-केंद्रित विकास के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। जिसमें योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिवर्ष 12,000 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।

जिले के बघनपुर ग्राम, पोस्ट माधोपाली निवासी श्रीमती रत्ना पटेल ने इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि वे इस राशि का उपयोग अपनी दैनिक एवं पारिवारिक जरूरतों में सहयोग के रूप में करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस सहयोग से अन्य आर्थिक गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए हौसला मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमेशा से कमजोर असहाय समझा जाता रहा है लेकिन वे अब ऐसी मान्यताओं और पूर्वाग्रहों को धता बताकर न केवल अपनी राह में आने वाली बाधाओं से पार पा चुकी हैं, बल्कि अपने जैसी अन्य महिलाओं को भी आगे बढने में सहयोग करते हुए अपनी नेतृत्व क्षमता को बखूबी साबित कर रही हैं, और महतारी वंदना योजना इस कड़ी में एक महती भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस योजना से प्राप्त राशि से महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ेंगी।

## जिला खनिज न्यास निधि से किये जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करायें - कलेक्टर

### समय सीमा के लंबित पत्रों का निराकरण प्राथमिकता से करें

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में लंबित पत्रों कि समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपनी जवाबदेही को समझते हुए प्राथमिकता के साथ लंबित पत्रों का निराकरण करें। कलेक्टर जन दर्शन, जन शिकायत, लोक शिकायत पोर्टल आदि के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयावधी में करने के निर्देश दिये गये हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिले के विकास कार्यों को गति देने के लिए डी एम एफ फंड से महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर ने स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करते हुए अविलम्ब पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि इन विकास कार्यों का समय सीमा में पूर्ण होना जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। कलेक्टर ने बैठक में महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, कोई पात्र महिला योजना का लाभ लेने से वंचित ना हो इस पर विशेष ध्यान रखा जाये। सभी पात्र महिलाओं का आधार और बैंक खाता लिंकिंग करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्य कुशलता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री डी.पी. साहू, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजन निर्देशक श्री हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सूर्यमुखी एवं सरसों फसल की समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का किया गया निरीक्षण

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा डॉ.एस.आर.के.सिंह, निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन-9, जबलपुर एवं डॉ.अजय वर्मा, निदेशक विस्तार सेंवाये, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन एवं डॉ. बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम-बोन्दा, नवापारा व डभरा विकास खण्ड-पुसौर, खरसिया, बरमकेला में सरसों फसल किस्म-डी.आर.एम.आर.-150 तथा एच.आर.-725 की 60 हेक्टेयर एवं सूर्यमुखी किस्म-एन.एस.एफएच.-145 की 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में समूह अग्रिम पंक्ति



प्रदर्शन लिया गया है। जिसका उद्देश्य देश में तिलहनी फसलों की उन्नत तकनीक को बढ़ावा के साथ-साथ फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। फसल के निरीक्षण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा गठित निरीक्षण दल डॉ.एम.एल.शर्मा, प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, रायपुर, डॉ. नवनीत राणा, प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय वं अनुसंधान केन्द्र, महासमुन्द एवं डॉ.रोशन परिहार, सहायक प्राध्यापक, बी.टी.सी. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर द्वारा 5 मार्च 2024 को किया गया।

### कलेक्टर जनदर्शन में 12 आवेदन प्राप्त हुए

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 12 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के भोजटोला, भड़सेना, सरोली, पानाबरस, ईरागांव, कोतरी, कामखेड़ा, शारदा, पेंडरी, घोड़ाझरी, जामड़ी लगभग 150 समस्त कुम्भकार समाज ने कलेक्टर से मिल कर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि कुम्भकार समाज सदियों से मिट्टी के बर्तन बनाने का काम कर रही है। लेकिन शासन के द्वारा इन ग्रामों को अभी तक इलेक्ट्रानिक चाक नही मिल पाई है। जिससे हमें मिट्टी के छोटे-छोटे बर्तन बनाने में परेशानी के संबंध आवेदन प्रेषित किया है। इसी वि.ख. मोहला अंतर्गत ग्राम करमोता के समस्त ग्रामवासी द्वारा ग्राम पंचायत अंतर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों के अपूर्ण होने एवं कार्य चालू नही होने, निर्माण कार्य में देरी होने के संबंध में आवेदन दिया है।

## व्यापार समाचार

### रियलमी ने 16999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश करके मिड-प्रीमियम सेगमेंट में हलचल मचाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसकी 'मेक इट रियल' और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है, जो यव यूज़र्स की जरूरतों से मेल खाती है। मिड-रेंज स्मार्टफोन के मानक बढ़ाते हुए और प्लस अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी 12+ 5जी एक विशेष स्मार्टफोन है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस), 2एक्स इन-सेंसर ज़ूम और सिनेमैटिक 2एक्स पोर्ट्रेट मोड के साथ सेगमेंट का पहला 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 मुख्य कैमरा दिया गया है, जो बहुत ही स्पष्ट, डीएसएलआर जैसा पोर्ट्रेट कैप्चर करने में सक्षम है। इसका 112ए अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 16मेगापिक्सल एचडी सेल्फी कैमरा शानदार सेल्फी लेता है। इसमें 120हर्ट्ज़ का अल्ट्रा-स्मूथ एमोलेड डिस्प्ले और 67वॉट की सुपरवूक चार्जिंग दी गई है। यह स्मार्टफोन लंबे समय तक चले इसके लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है। इसमें 256 जीबी तक की स्टोरेज और डायनामिक रैम तथा आईपी54 डस्ट एवं वाटर रेजिस्टेंस जैसी शानदार विशेषताएं भी हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने दी नई सौगात 31 मार्च तक अपने एस1 पोटफोलियो की कीमत को 25,000 रुपये तक घटाया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इलेक्ट्रिक स्कूटर को पसंद करने वालों के लिए एक खुशखबरी, ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के लिए अपने एस 1 स्कूटर पोर्टफोलियो की कीमतों में 25,000 रुपये तक छूट की घोषणा करी है। उनके इस बड़े कदम को उठाने का उद्देश्य भारत के विद्युतीकरण प्रयासों में तेजी लाकर ईवी अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना है। कीमत में कटौती कंपनी की मजबूत कीमत संरचना के साथ-साथ मजबूत एकीकृत इन-हाउस प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षमताओं और विनिर्माण प्रोत्साहन की काबिलियत के कारण हुई। अब ओला एस1 चाहने वालों के लिए उनकी इच्छा पूरी करने का समय आ गया है, क्योंकि एफएएमई (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना 31 मार्च 2024 को समाप्त होने की संभावना है और ईवी की कीमतों में बड़ा बदलाव हो सकता है। एक आकर्षक कीमत वाले उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ ओला एस1 स्कूटर किसी भी पारंपरिक आईसीई वाहन से बेहतर परफॉर्मेंस देता है। इसी वजह से यह स्कूटर हर साल लगभग 30,000 रुपये तक की बचत के साथ बाजार में बेहतर विकल्प बन जाता है। हाल ही में, ओला इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) प्रमाणपत्र हासिल करने वाली पहली भारतीय 2व्हीलर कंपनी बन गई है।

### वॉल्वो कार इंडिया ने XC40 रिचार्ज का नया वेरिएंट एक्स-शोरूम कीमत रु 54.95 लाख लॉन्च किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वोल्वो कार इंडिया ने आज XC40 रिचार्ज का सिंगल मोटर वेरिएंट लॉन्च किया, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत टैक्स सहित 54.95 लाख रुपये है। XC40 रिचार्ज की बुकिंग विशेष रूप से ऑनलाइन होगी और वोल्वो कार इंडिया वेबसाइट पर की जा सकती है XC40 रिचार्ज सिंगल मोटर और वाहनों की वर्तमान लाइनअप का उत्पादन होसाकोटे, बेंगलुरु, कर्नाटक में कंपनी की अत्याधुनिक फैक्ट्री में किया जाता है। कार की प्री-बुकिंग आज से शुरू हो रही है। ग्राहक अपनी कार को अपने नजदीकी वॉल्वो कार इंडिया बिजनेस पार्टनर के यहां प्री-बुक कर सकते हैं। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक, श्री ज्योति मल्होत्रा ने कहा, वर्ष 2022 में लॉन्च किए गए XC40 रिचार्ज की भारी सफलता के बाद, हमें इसके सिंगल मोटर वेरिएंट- XC40 रिचार्ज का अनावरण करते हुए खुशी हो रही है। वाहन की कीमत रणनीतिक रूप से तय की गई है ताकि हमारे ग्राहक आधार को बढ़ाया जा सके और साथ ही भारतीय ईवी बाजार को बढ़ाने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जा सके। यह लॉन्च भारतीय ग्राहकों को प्रदर्शन, स्थिरता और सुविधा का असाधारण मिश्रण प्रदान करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और भारत में सालाना एक नया इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने के हमारे वादे को मजबूत करता है। हमारी सभी पेशकशों की तरह, XC40 रिचार्ज को बेंगलुरु में हमारे होसाकोटे प्लांट में सावधानीपूर्वक असेंबल किया गया है।

### फिटजी की द्रोणाचार्य (द्वितीय) परीक्षा देने का एक और अवसर आया

**भिलाई** - देश का अव्वल कोचिंग संस्थान फिटजी द्रोणाचार्य ( ।।) परीक्षा आयोजित करने वाला है कोचिंग के इतिहास में यह दुनिया की सबसे बड़ी और पहली बार इस तरह की स्कालरशिप परीक्षा होगी इसमें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार बेहतरीन अकादमिक डायग्नोस्टिक टूल इस्तेमाल होगा।'द्रोणाचार्य ( ।।) से भारत में प्रतियोगिता परीक्षाओं की दुनिया में एक नया दौर शुरू होने वाला है। फिटजी समूह के निदेशक श्री आर.एल. त्रिखा ने कहा वैज्ञानिक पद्धति से छात्रों की प्रतिभा आंकना निश्चित रूप से उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। आज अनगिनत छात्र प्रतिभा और कौशल होने के बावजूद कौशल और रुचि के अनुसार सही करियर नहीं चुन पाते हैं। ऐसे में अच्छा करियर बनाना मुमकिन नहीं होता है। इसलिए यह सबसे जरूरी है कि बच्चों के कौशल और रुचि का सटीक आकलन कर उन्हें करियर का सही रास्ता दिखाया जाए। इससे वे प्रोफेशन में बहुत अच्छा करेंगे। द्रोणाचार्य परीक्षा के माध्यम से हम बच्चों की वर्तमान और छिपी हुई क्षमता सामने रखना चाहते हैं और इससे उनकी पढ़ाई में गहराई आएगी। यह दुनिया की अधिकतर प्रतियोगी और शैक्षिक परीक्षाओं की तरह व्यापक परीक्षा है। यह न केवल कोचिंग सेक्टर बल्कि समाज के लिए भी उच्च मानक सामने रखती है। हम ने समाज में शैक्षिक और आर्थिक दोनों सहयोग देने का संकल्प लिया है।

# निशांत की विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में विजयी शुरुआत




**बस्टो अर्सिज़ियो ( इटली ) ( एजेंसी )।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ने ब्रिटिश मुक्केबाज लुईस रिचर्डसन के खिलाफ 3-1 की रोमांचक जीत के साथ प्रथम विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत की। पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में खेलते हुए, निशांत को राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रिचर्डसन के खिलाफ बसने में ज्यादा समय नहीं लगा और शुरू से ही आक्रामक मोड में आ गए और पहला राउंड 4-1 से जीत लिया। 23 वर्षीय भारतीय अपनी लंबी पहुंच की मदद से दूसरे राउंड में और भी प्रभावशाली हो गए और कुछ प्रभावी राइट हुक लगाकर दूसरा राउंड 5-0 से आसानी से जीत लिया। उन्होंने तीसरे राउंड में भी नियंत्रित प्रदर्शन किया और अपनी बढ़त को बचाने की कोशिश करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी के कई हमलों से परहेज किया और अंततः विभाजित निर्णय के साथ मुकाबला जीत लिया। हालांकि, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) को मौजूदा विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के रुस्लान अब्दुल्लाव के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। रुस्लान ने अपने सटीक मुक्कों से अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखते हुए, शिव की रक्षा में कई बार प्रवेश किया, जिससे भारतीय मुक्केबाज को शुरू से ही रक्षात्मक मोड में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। रक्षात्मक दृष्टिकोण लंबे समय तक नहीं चला क्योंकि रेफरी द्वारा पहले दौर में प्रतियोगिता रोकने से पहले अब्दुल्लाएव ने अपना आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। इस बीच, राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) भी पूर्व एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ईरान के घेशलाघी मेसम से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पहले राउंड में 2-3 से पिछड़ने के बाद लक्ष्य ने दूसरे राउंड में अच्छी वापसी की और अंतिम राउंड में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। हालाँकि, घड़ी में केवल 20 सेकंड शेष रहते हुए ईरानी ने उसे बाहर कर दिया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन (60 किग्रा) भी जापान की अयाका तागुची के खिलाफ 0-5 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। आज रात बाद, युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) का सामना फ्रांस के सोनविको एमिली से होगा, जबकि राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किग्रा) का मुकाबला कजाकिस्तान के ऐबेक ओरलबे से होगा। पहला विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट 590 से अधिक मुक्केबाजों की मेजबानी कर रहा है और 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के लिए 28 और महिलाओं के लिए 21 सहित कुल 49 कोटा प्रदान करेगा।

## शबनीम इस्माइल ने फेंकी महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर इतिहास रच दिया। मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शबनीम ने मुंबई की तरफ से गेंदबाजी करते हुए 132.1 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा फेंकी अब तक की सबसे तेज गेंद है। शबनीम ने मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर यह रिकॉर्ड बनाया। इस खतरनाक गेंद का सामना कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने किया। हालांकि, लैनिंग इस गेंद को खेलने से चूक गई, यह गेंद फ्रंट पैड पर लगी। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाली इस खिलाड़ी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे तेज गेंद इस्माइल के नाम दर्ज है, उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। हालांकि, अपनी तेज गति से चर्चा में आने वाली इस्माइल इस मुकाबले में अपनी टीम के लिए थोड़ी महंगी साबित हुईं।

## ओपनएआई ने कहा-एलन मस्क कंपनी पर पूर्ण नियंत्रण चाहते थे




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई ने उसके खिलाफ एलन मस्क के मुकदमे पर पलटवार करते हुए कहा है कि कंपनी ने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए एक लाभ के लिए काम करने वाली संरचना पर चर्चा की थी, लेकिन मस्क चाहते थे कि हम टेस्ला के साथ विलय करें या उन्हें पूरा नियंत्रण सौंप दें। चैटजीपीटी निर्माता ने एक ब्लॉग पोस्ट में आरोप लगाया कि मस्क मेजोरिटी शेयर, निदेशक मंडल पर नियंत्रण और सीईओ का पद चाहते थे। इन चर्चाओं के बीच उन्होंने फंडिंग रोक दी। ओपनएआई के सह-संस्थापक ग्रेग ब्रॉकमैन, इल्या सुतस्केवर, जॉन शुलमैन, सैम ऑल्टमैन और वोज्शिएक ज़रेम्बा ने कहा कि हम एलन के साथ लाभ के लिए शर्तों पर सहमत नहीं हो सके क्योंकि हमें लगा कि किसी भी व्यक्ति के लिए ओपन एआई पर पूर्ण नियंत्रण मिशन के खिलाफ है। मस्क यह कहते हुए ओपनएआई से अलग हो गये कि गूगल/डीपमाइंड के लिए एक प्रासंगिक प्रतियोगी की आवश्यकता है और वह इसे स्वयं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह हमें अपना रास्ता खोजने में सहायक होंगे। इसके बाद अरबपति ने ओपनएआई का टेस्ला में विलय करने का सुझाव दिया। मस्क ने जल्द ही ओपनएआई छोड़ने का फैसला किया, यह कहते हुए कि हमारी सफलता की संभावना शून्य थी, और उन्होंने टेस्ला के भीतर एक प्रतियोगी एजीआई बनाने की योजना बनाई थी। मस्क ने दिसंबर 2018 में ओपनएआई को एक ईमेल भेजा, जिसमें कहा गया था, यहां तक कि कई करोड़ जुटाना भी पर्याप्त नहीं होगा।

## अब ट्रेन में भी कर सकेंगे स्विगी से ऑडर रेलवे ने कंपनी के साथ मिलाया हाथ



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने ट्रेनों में फूड डिलीवरी सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन के मुताबिक, स्विगी बेंगलुरु, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा से यात्रा करने वाले ट्रेन यात्रियों को भोजन वितरित करेगी। कंपनी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में इस सेवा का विस्तार देश भर के 59 अतिरिक्त सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना है। स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने बयान जारी कर कहा, अगर इन रेल यात्राओं के दौरान, जो राज्यों और जिलों से होकर गुजरती हैं, किसी के पास भारत की पाक विविधता का पता लगाने के लिए भोजन ऑर्डर करने का विकल्प है, तो यह अनुभव को अधिक सुविधाजनक और आनंददायक बना देगा। स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर डालना होगा। भोजन वितरण के लिए पसंदीदा स्टेशन का चयन करना होगा। ऐप पर रेस्तरां की विस्तृत सूची ब्राउज़ करनी होगी और एक रेस्तरां चुनना होगा जो भोजन वितरित कर रहा हो।

## हर दिन महिलाओं का सशक्तिकरण : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृतांजन के कॉम्फी चैंपियन पावरटूबीयू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अमृतांजन हेल्थ केयर लिमिटेड ने अपने अभियान पावरटूबीयू के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। तेज़ी से वृद्धि दर्ज करते मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड, अमृतांजन कॉम्फी द्वारा शुरू किया गया अभियान, भारत में मासिक धर्म से जुड़ी गरीबी को दूर करने का प्रयास करता है और इसका उद्देश्य यह संदेश फैलाना है कि हर महिला को अपने मासिक धर्म से सम्मान और आत्मविश्वास के साथ निपटने का अधिकार है। पावरटूबीयू का लक्ष्य है, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में बदलाव लाना है। अमृतांजन कॉम्फी शिक्षा प्रदान कर, जागरूकता बढ़ाकर और आवश्यक उत्पादों तक पहुंच को बढ़ावा देकर, सभी महिलाओं के लिए एक स्वस्थ और अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। अमृतांजन कॉम्फी कई साल से भारत में मासिक धर्म से जुड़े उत्पादों और जागरूकता की पहुंच की कमी के सामाधान में सबसे आगे रही है। अपनी परियोजन दिशा के तहत, इस वर्ष कंपनी ने मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने और आवश्यक मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच के आड़े आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए देश भर में 10 राज्यों, 900 कस्बों, 400 स्कूलों, 4.8 लाख छात्रों और 100 आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंच बनाई है।

## एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप: इंडियन ऑयल का रेसिंग फ्यूल 'स्टॉर्म' दे रहा नई रफ़्तार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की ऊर्जा प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल, तीन साल की अवधि में प्रतिष्ठित एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) के लिए ऑफिशियल फ्यूल पार्टनर के रूप में एफआईएम (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी मोटोसाइक्लिज्म) के साथ 2024 से 2026 तक साझेदारी की घोषणा करते हुए रोमांचित है। इस सहयोग में इंडियनऑयल सभी एआरआरसी आयोजनों में श्रेणी 2 रेस ईंधन, स्टॉर्म-अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल प्रदान करना शामिल है। स्टॉर्म, जिसका उत्पादन इंडियन ऑयल की गुजरात रिफाइनरी में किया जाता है, इंडियनऑयल की विविध और महत्वाकांक्षी उत्पाद श्रृंखला का एक आकर्षण है, जिसमें एवी गैस 100 एलएल और संदर्भ ईंधन भी शामिल हैं, जो आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) और तकनीकी उन्नति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में 'स्टॉर्म' का आगमन 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह रेस ईंधन विशेष ईंधन के उत्पादन में इंडियनऑयल के नवाचार और विशेषज्ञता को भी प्रदर्शित करता है जो कड़े अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करता है, जिसे स्विट्जरलैंड में स्वीकृत मेसर्स इंटरटेक एफआईएम से अनुमोदन प्राप्त होता है। इस अवसर पर बोलते हुए, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा, ''जैसा कि हम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के लिए एफआईएम के साथ इस उत्साहजनक साझेदारी की शुरुआत कर रहे हैं, इंडियन ऑयल को अपने अत्याधुनिक रेसिंग ईंधन 'स्टॉर्म-अल्टीमेट' के साथ मोटरस्पोर्ट की तेज गति को बढ़ावा देने पर गर्व है। यह ईंधन नवाचार और उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो कड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले विशेष ईंधन विकसित करने की हमारी निरंतर खोज का प्रतीक है। यह सहयोग वैश्विक मंच पर 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्टॉर्म- अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल को उच्च प्रदर्शन वाले गैसोलीन के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जिसे विशेष रूप से एंडुरो, ट्रायल, सर्किट रेसिंग, मोटोक्रॉस और सुपरमोटो, क्रॉस-कंट्री, ई-बाइक और ट्रैक रेसिंग सहित विभिन्न रेसिंग सर्किट की कठोर मांगों के लिए तैयार किया गया है। यह विशेष ईंधन एफआईएम श्रेणी 2 रेस ईंधन की आवश्यकताओं को पूरा करता है, जो इन प्रतियोगिताओं में शामिल सभी वर्गों की मोटरबाइकों की आवश्यकताओं को पूरा करता है।


## कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला- रायपुर (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक :- वपुअ/राय/रनि/ 1187 /2024 रायपुर, दिनांक 05/03/2024

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना 2023-24

पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर के द्वारा जिला रायपुर के गोबरा-नवापारा थाना एवं अभनपुर थाना में महिला विश्राम कक्ष मय टॉयलेट/ बाथरुम निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर चुकता प्रमाण पत्र सहित) के साथ निविदा प्रपत्र के मूल्य राशि रु. 750/रु. का कोषालय/ राष्ट्रीयकृत/ अधिकृत बैंकों से पुलिस अधीक्षक रायपुर के नाम से लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति रक्षित आरक्षी केन्द्र रायपुर को प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( रु. में ) | धरोहर राशि ( रु. में ) | निविदाकारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 15 | जिला रायपुर के गोबरा-नवापारा थाना में महिला विश्राम कक्ष मय टॉयलेट/बाथरुम निर्माण कार्य हेतु। | 4,57,664.00 | 4,600/- | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी |
| 16 | जिला रायपुर के अभनपुर थाना में महिला विश्राम कक्ष मय टॉयलेट/ बाथरुम निर्माण कार्य हेतु। | 4,57,664.00 | 4,600/- | ''द'' अथवा उससे उच्च श्रेणी |

1. निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय- 09.03.2024 समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय - 11.03.2024 समय 15.00 बजे तक।
3. टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय - 11.03.2024 समय 16.00 बजे तक।
4. फायनेशियल बिड खोलने का समय पृथक से अवगत कराया जावेगा।

**नोट :** निविदा की नियम व शर्ते टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में रक्षित आरक्षी केन्द्र कार्यालय रायपुर से प्राप्त किये जा सकते है।

ॅवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जिला रायपुर ( छ.ग. )

जी-08340/4

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 08 मार्च 2024



## मुख्यमंत्री साय ने महाशिवरात्रि पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी महाशिवरात्रि का त्योहार श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जाता है। शिवभक्तों के लिए महाशिवरात्रि का दिन विशेष महत्व रखता है। पुराणों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। माना जाता है यह दिन आध्यात्मिक शक्ति और ऊर्जा प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल रावतपुरा कॉलोनी में महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाया गया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल रावतपुरा कॉलोनी में महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें हेतांश शिवजी, दिव्या पार्वती और अंशुमन नंदी बैल के रूप में नजर आए। इस उपलक्ष्य में प्राचार्या श्रीमती अपर्णा कर्मकार, श्रीमती कुंती मैंम, रवीना मैंम, श्रीमती तृप्ति मैंम, श्रीमती पिंकी कर्मकार मैंम आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज कबीरधाम जिले के ग्राम कुरूवा में प्रवास प्रस्तावित

**कलेक्टर जनमेजय महोबे ने प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण, आधिकारियों को दिए निर्देश**

**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 08 मार्च को कबीरधाम जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा ग्राम कुरूवा में प्रवास प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री श्री साय महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम कुरूवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन, भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय और अतिथि कर्मा मैदान परिसर में विधि-विधान से शिवलिंग की स्थापना करेंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 08 मार्च को ग्राम कुरूवा में प्रस्तावित आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी ली और कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने हैलीपेड में फायर ब्रिगेड सहित सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री 118 करोड़ 24 लाख 16 हजार रूपए की लागत से 154 कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं शिलान्यास

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मछलीपालन और उद्यान विभाग सहित हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत सामाग्री, राशन, आयुष्मान कार्ड का करेंगे वितरण**

**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कबीरधाम जिले के विकास को आगे बढ़ाते हुए सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कुरूवा में आयोजित कार्यक्रम में 118 करोड़ 24 लाख 16 हजार रूपए की लागत से 154 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री साय मछलीपालन और उद्यान विभाग के हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत 1 करोड़ 50 लाख 30 हजार रूपए की सामाग्री का वितरण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण करेंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ग्राम कुरूवा में आयोजित कार्यक्रम सहित लोकार्पण और शिलान्यास कार्यो की तैयारियों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कबीरधाम जिले के सिचाई क्षमता को बढ़ाने वाले एवं जलाशय के नहर विस्तारीकरण करने 107 करोड़ 07 लाख 94 हजार रूपए की लागत से कुल 09 कार्यां का शिलान्यांस एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके अंतर्गत 6 करोड़ 10 लाख 69 हजार रूपए की लागत से भाटकुंडेरा (ठाठापुर) व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 59 लाख 60 हजार रूपए की लागत से विकासखंड सहसपुर लोहारा की सोनझरी जलाशय योजना के आरबीसी एवं एलबीसी के नहर लायनिंग कार्य, 13 करोड़ 94 हजार रूपए की लागत से विकासखंड कवर्धा की सरोदा मध्यम जलाशय अंतर्गत अगरी माईनर का रिमाडलिंग एवं विस्तारीकरण कार्य, 84 करोड़ 70 लाख 72 हजार रूपए की लागत से विकासखंड सहसपुर लोहारा की बोरोदाखुर्द जलाशय योजना का निर्माण कार्य, 2 करोड़ 43 लाख 49 हजार रूपए की लागत से विकासखंड बोड़ला की सरईपतेरा व्यपवर्तन योजना के गेट सुधार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 97 लाख 27 हजार रूपए की लागत से छीरपानी मध्यम जलाशय अंतर्गत छीरपानी एवं निरीक्षण कुटीर का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य, 2 करोड़ 10 लाख 49 हजार रूपए की लागत से सुखानाला व्यपवर्तन का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 2 करोड़ 92 लाख 43 हजार हजार रूपए की लागत से राजपुर व्यपवर्तन कार्य आरडी 0 मी. से 5000 मी तक कार्य, 2 करोड़ 92 लाख 31 हजार रूपए की लागत से बेल्हरी जलाशय के शींष कार्य एवं मुख्य नहर का मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य लंबाई 6200 मीटर के कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंडी मद अंतर्गत 11 करोड़ 03 लाख 22 हजार रूपए की लागत से 143 विकास कार्य और निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही 6.50-6.50 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत कल्याणपुर में दो सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 8 मार्च को कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कुरूवा में प्रवास प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम कुरूवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन, भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निर्धारित समय-सीमा में पूरे हो निर्माण कार्य, अकारण देरी पर लगेगा अर्थदंड : अबिनाश मिश्रा

**प्रबंध संचालक ने ली रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक, कहा- कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्यवाही**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने अमृत मिशन, सीएसपीडीसीएल, नगर निगम व अन्य विभागों के समन्वय से हो रहे कार्यों का विस्तार से जायजा लिया एवं कहा है कि सतत समन्वय से सभी कार्यों को इस तरह निष्पादित किया जाए कि सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो एवं नागरिकों को भी किसी तरह से असुविधा न हो। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) बी.आर. अग्रवाल, सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता वी.के. तिवारी, ए.के. न्यूडिंग, आर.के. चंद्राकर, अमृत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू, स्मार्ट सिटी के उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा भी शामिल थे।

एम.डी. मिश्रा ने सभी कार्य एजेंसियों से कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे कर लिए जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि नियमित तौर पर कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी लेते रहें। उन्होंने यह भी कहा है कि अब निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण न कर पाने वाले या अनावश्यक विलंब के लिए जिम्मेदार एजेंसियों पर अर्थदंड भी आरोपित किया जाएगा। श्री मिश्रा ने अंडरग्राउंड केबलिंग व 24ङ्7 परियोजना हेतु सीएसपीडीसीएल से समन्वय कर आ रही बाधाओं एवं रुकावटों का त्वरित निपटान करें, जिससे कार्य में अपेक्षित तेजी बनी रहें। उन्होंने बूढ़ातालाब पेरिफेरल रोड, अंडर ग्राउंड केबलिंग, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, जोनल रोड प्लान, महाराजबंध व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित सभी प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया है।

## किसान महासम्मेलन में करीब डेढ़ लाख से ज्यादा किसान होंगे शामिल

**किसान महासम्मेलन पर भाजपा किसान मोर्चा रायपुर व भाजपा ग्रामीण की बैठक**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले 9 मार्च, शनिवार को किसान महासम्मेलन को लेकर भाजपा किसान मोर्चा रायपुर व भाजपा ग्रामीण की गुरुवार को एकात्म परिसर में हुई बैठक में तीन विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों और बूथ के प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्याम नारंग ने कहा कि राष्ट्रीय कार्य परिषद की बैठक में हमें कार्यक्रम मिला है। मोदी जी ने हमें छत्तीसगढ़ की 11 सीटें जीतकर देने की बड़ी जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 5 लाख से ज्यादा मत हसिल करने रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 12 मंडल और 170 शक्ति केंद्रों के 840 बूथ में जाकर काम करने के निर्देश दिए हैं।



भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री आलोक ठाकुर ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भाजपा किसान मोर्चा को कार्यक्रम दिया है। साइंस कॉलेज मैदान में होने वाला किसान महासम्मेलन में करीब डेढ़ लाख से ज्यादा किसान शामिल होंगे। तीन विधानसभा अभनपुर, धरसींवा, अभनपुर व तिल्दा भाजपा मंडलों से किसान ट्रेक्टर, बस व अन्य साधनों से कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। तीनों विधायकों से भाजपा मंडल के कार्यकर्ता चर्चा कर कम से कम हर विधानसभा से 4000 किसानों को लेकर आएंगे। साथ ही लोकसभा की सभी 11 सीट जीतने के लिए अभी से वातावरण बनाएंगे।

भाजपा चुनाव प्रबंध समिति के सह संयोजक सौरभ सिंह ने कहा कि साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले किसान महासम्मेलन में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता गांव ङ्क गांव में बूथ स्तर पर जाकर किसानों से चर्चा कर उन्हें सम्मेलन में लेकर आए।

भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक दल ही नहीं वरन् एक परिवार है। आने वाला वर्ष चुनावी मोड में है। लगातार चुनाव होने वाले हैं जो 2025 फरवरी माह तक चलेगा। भाजपा किसान मोर्चा की 9 मार्च को होने वाले महासम्मेलन में रायपुर संभाग के 6 जिलों में माहौल तैयार कर हमें इसे सफल बनाना है। 12 मार्च को सरकार किसानों के खातो में प्रति क्विंटल 917 रुपये की राशि डालने जा रही है। संभवत: 10 मार्च को महतारी वंदन की 1000 रुपये की राशि माताओं के खाते में ट्रांसफर की जाएगी। विधानसभा चुनाव में भूपेश सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में साल में 15000 रुपये माताओं के खाते में डालने की बात कही थी लेकिन मातृ शक्ति ने कांग्रेस द्वारा 15000 रुपये के बदले भाजपा द्वारा 12000 रुपये सालाना उनके खाते में डालने की बात पर भरोसा किया। इसके कारण भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय की सरकार लगातार काम कर रही है।

## महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने SBH हॉस्पिटल्स द्वारा चलाया जा रहा है निःशुल्क ओपीडी तथा जांच सुविधाएँ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के विशेष अधिकार तथा समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारे परिवार में स्त्रियां हमेशा परिवार के लिए समर्पित रहती है और इसी भाग दौड़ में अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दे पाती। महिलाओं के अच्छे स्वास्थ्य को स्क्र॥ हॉस्पिटल्स (साई बाबा अस्पताल) ने हमेशा प्राथमिकता दी है और इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हॉस्पिटल द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं हेतु निःशुल्क ओपीडी तथा जांच सुविधाओं में विशेष छूट दी जा रही है।




SBH हॉस्पिटल्स द्वारा महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के कार्यक्रम में आज रायपुर जिले के CMO श्री मिथिलेश चौधरी जी सम्मिलित हुए तथा उन्होंने हॉस्पिटल द्वारा किये जा रहे इस नेक कार्य की सराहना की तथा शुभकामनाएं भी दी। SBH हॉस्पिटल्स छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक अग्रणी नाम है जो विगत 22 वर्षों से प्रसूति तथा आँखों के इलाज के लिए विशेष रूप से समर्पित है। हॉस्पिटल द्वारा न्यू राजेंद्र नगर रायपुर स्थित विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित परिसर में महिलाओं के लिए निःशुल्क ओपीडी तथा विशेष छूट वाले जांच पैकेज की सुविधाएँ सीमित समय के लिए दी जा रही है।

इन सुविधाओं के अंतर्गत कैंसर की जांच के लिए निःशुल्क ओपीडी, डिजिटल माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, 24×7 स्वास्थ्य सेवाएं, अन्य सेवाएं न्यूनतम दरों पर, न्यूट्रीशन/ डायटिशियन परामर्श, महिलाओं के लिए कॉस्मेटिक चिकित्सा हेतु निःशुल्क परामर्श,आईवीएफ हेतु निःशुल्क परामर्श दी जा रही है। इन सभी के बारे में अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल द्वारा हेल्प लाइन नंबर 7440777771 जारी किया गया है। साईं बाबा हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर श्रीमती स्वाति महोबिया तथा श्री आशीष महोबिया जी ने बताया की महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए हम हमेशा समर्पित है और इस तरह के अभियान हॉस्पिटल द्वारा पहले भी चलाया गया है जिससे महिलाओं को सही समय पर सही सलाह द्वारा स्वास्थ्य लाभ मिला है।

## कैबिनेट के निर्णय पर त्वरित अमल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश 2013 में संशोधन करने के लिए गए निर्णय पर त्वरित अमल करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कैबिनेट के निर्णय अनुसार संशोधन के संबंध में समस्त विभागों, छत्तीसगढ़ राजस्व मण्डल, समस्त विभागाध्यक्षों, सभी कमिश्नर्स और सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि सेवाकाल के दौरान दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति देने के संबंध में राज्य शासन द्वारा संदर्भित परिपत्र द्वारा एकजाई पुनरीक्षित निर्देश, 2013 जारी किए गए हैं एवं उसमें समय-समय पर आंशिक संशोधन किए गए हैं।

संशोधन के संबंध में सामान्य प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि कलेक्टर कार्यालय में आवेदन-पत्र अग्रेषित होकर प्राप्त होने पर, जिला कलेक्टर द्वारा उसके जिले में, उसके अधीनस्थ कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त उपलब्ध पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की कार्रवाई की जायेगी। जिले में किसी भी कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पद उपलब्ध न होने पर जिला कलेक्टर तदाशय के प्रमाण पत्र के साथ आवेदक का अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन-पत्र, अपने संभागीय आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करेंगे एवं आवेदक को उसकी सूचना दी जाएगी।

संभागीय आयुक्त अपने अधीनस्थ अन्य जिले, जहां पद रिक्त हो, अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने की आगामी कार्यवाही हेतु संबंधित जिला कलेक्टर को प्रकरण अग्रेषित करेंगे तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कलेक्टर- संभागायुक्तों द्वारा किया जायेगा। जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि, अपने अधीनस्थ कार्यालयों में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु चिन्हांकित पदों की रिक्तता की जानकारी संभागीय आयुक्त कार्यालय को समय-समय पर प्रेषित करेंगे।

## हवाईजहाज से दिल्ली रवाना हुईं विशेष पिछड़ी जनजाति की एसएचजी दीदियां, राष्ट्रपति से करेंगी मुलाकात

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्व सहायता समूह की दीदियों को घर बुला उपहार देकर किया रवाना**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कभी दिल्ली में वायसराय निवास रहा राष्ट्रपति भवन अब भारत के राष्ट्रपति का निवास है अब यहां एक जनजातीय समूह से आने वाली महिला राष्ट्रपति हैं और छत्तीसगढ़ की सबसे पिछड़ी जनजाति की महिलाएं उनसे मुलाकात करने जा रही हैं। वे कर्तव्यपथ पर विचरण करेंगी, अमृत उद्यान देखेंगी। जैसे भारत का सपना पुरखों ने देखा था। उस रास्ते पर देश बढ़ रहा है।

प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरबा, कमार के स्व सहायता समूह के सदस्यों की 64 महिलाएं आज हवाई जहाज से दिल्ली रवाना हुईं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इन्हें रवाना किया। वे यहां राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगी। वहां इन्हें अपने समूह द्वारा बनाये गये उपहार भेंट करेंगी। राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करेंगी।

ये महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग जिले कबीरधाम, बलरामपुर, रायगढ़, धमतरी, कोरबा, गरियाबंद और जशपुर के स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अपने समूह का संचालन कर अपनी आमदनी को बढ़ावा देकर स्वावलंबी बनने वाली इन महिलाओं को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर हवाई जहाज से दिल्ली ले जाया जा रहा है। आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निवास कार्यालय से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत कर दिल्ली रवाना किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें उपहार स्वरूप बैग, जैकेट और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का डिब्बा भेंट किया। उप मुख्यमंत्री से विजय शर्मा ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ महतारी को साक्षात देखना हो तो समूह की इन दीदियों में उनका स्वरूप दिखता है। उन्होंने कहा विशेष पिछड़ी जनजाति की 64 दीदियां राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मिलने हवाई जहाज से जा रही है। ये महिलाएं राष्ट्रपति से मिलकर अपने समूहों के उत्पाद राष्ट्रपति को देंगी। ये दीदियां अमृत उद्यान, स्व सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद बिक्री के लिए बनाए गए बाजार और दिल्ली का भ्रमण करेंगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उनको स्वावलंबी बनाने की दिशा में महिलाओं को अलग-अलग जगह पर मंच देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है बल्कि उन्हें वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार भी किया जा रहा है।

**64 दीदियों में 7 दीदियां लखपति दीदी :** दिल्ली जा रहे इन 64 दीदियों में 7 दीदियां लखपति दीदियां हैं, जिनकी आय 1 लाख से ज्यादा की है। जिनमे से जशपुर से बैसाखी बाई, सावित्री बाई, शांति बाई, सुन्दरमती बाई गरियाबंद से विमला बाई और कबीरधाम से देवकी बाई और लामी बैगा है। दीदियों ने बातचीत में बताया कि हम सभी बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि अब तक हवाई जहाज को उड़ते हुए ही देखा था। कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि खुद हवाई जहाज में बैठकर जाएंगे। इस पर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति जी से मिलने का मौका मिल रहा है। हम सब बहुत खुश हैं।

## भाविका मसंद को राजनीतिक के क्षेत्र में एवं पायल नागरानी को समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ सिंधी महिला अवार्ड

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सुहिणी सोच संस्था में नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी एवम सचिव पूनम बजाज ने अपना पदभार संभाला।संस्था के पांचवे शपथ ग्रहण समारोह में संस्था की संस्थापक मनीषा तारवानी ने बताया की 18 से 45 वर्ष तक की उन पांच सिंधी महिलाओं का चयन किया जाता है जो की शिक्षा, कला, खेलकूद, राजनैतिक एवम सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ है।




राजनैतिक के क्षेत्र में भाविका मसंद जी को अवार्ड मिला जो की सन, 2019 में कांग्रेस पार्टी से पार्षद चुनाव लड़ चुकी है, संगठन में कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर चुकी हैं, कोविड काल में राशन सामान गरीबों को पहुंचाना और विकलांगों के लिए तीन पहिया वाहन बटवाए, तुहर सरकार तुहर द्वार योजना के तहत कई लोगों को राशन कार्ड बटवाये।दूसरा अवार्ड समाज सेवा के क्षेत्र में पायल नागरानी जी को दिया गया, ये वेदही अपराजिता अवॉर्ड्स ऑफ इंडिया की फाउंडर और वेदहि मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसाइटी की प्रेसिडेंट हैं। छत्तीसगढ़ स्तर पर इनकी टीम ऐसी महिलाओं के लिए काम कर रही हैं जो अकेली अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं।सामाजिक कार्यों के लिए बहुत सी संस्थाओं से इन्हें 300 से ज्यादा अवार्ड मिल चुके हैं। इनका सम्मान समारोह में उपस्थित संतो वा अतिथियों द्वारा ट्रॉफी वा मोमेंटो दे कर किया गया।इस कार्यक्रम में शदा णी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल साई जी, छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक चंद सुंदरानी जी, छतीसगढ़ सिन्धी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष राम गिडलानी जी एवं अमित जीवन जी, भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सी ए चेतन तारवानी जी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह जानकारी संस्था की मीडिया प्रभारी आरती मयानी ने दी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला रायपुर से गिरफ्तार

**रायपुर ( आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम कमलेन्द्र सिंह बताया जा रहा है। आरोपी को लखनऊ पुलिस की स्पेशल टीम ने टिकरापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी कमलेंद्र सिंह ने बीते शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यालय में फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। जांच में जुटी लखनऊ पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपी का लोकेशन ट्रेस किया जिसमें आरोपी का लोकेशन रायपुर का टिकरापारा क्षेत्र होने का पता चला। जिसके बाद लखनऊ की टीम ने आरोपी को गुरूवार शाम रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354